26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 2 जनवरी, 2026

अंक- 70 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20

# डेटा सेंटर नीति से उत्तर प्रदेश बना डिजिटल निवेश का नया केंद्र

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार की डेटा सेंटर नीति ने प्रदेश को देश के तेजी से उभरते डिजिटल हब के रूप में स्थापित कर दिया है। यह प्रदेश आज न केवल निवेशकों का भरोसा जीत रहा है बल्कि डिजिटल आधारभूत संरचना के क्षेत्र में नई मिसाल भी कायम कर रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा जनवरी 2021 में डेटा सेंटर नीति को अधिसूचित किया गया था।

इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में आधुनिक निजी डेटा सेंटर पार्कों का विकास करना और डेटा सेंटर उद्योग को सशक्त आधार प्रदान करना था। नीति के अंतर्गत प्रारंभिक चरण में तीन डेटा सेंटर पार्क विकसित करने और 250 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर उद्योग को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया था। उल्लेखनीय है कि सरकार ने इन लक्ष्यों को पहले ही वर्ष में प्राप्त कर लिया। लक्ष्यों की समय से पहले प्राप्ति के बाद प्रदेश सरकार ने नीति को और अधिक व्यावहारिक और निवेश अनुकूल बनाते हुए इसमें संशोधन किया। संशोधित नीति के अंतर्गत प्रदेश में डेटा सेंटर क्षेत्र के लिए निवेश और क्षमता के लक्ष्यों को कई गुना बढ़ा दिया गया।



अब तीन के स्थान पर 8 डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके साथ ही 30,000 करोड़ के अनुमानित निवेश से 900 मेगावाट क्षमता विकसित करने का स्पष्ट रोडमैप तैयार किया गया है। प्रदेश में अब तक लगभग 21,343 करोड़ के निवेश को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से 6 डेटा सेंटर पार्क और 40 मेगावाट से कम क्षमता वाली 2 डेटा सेंटर इकाइयों को मंजूरी दी गई है। इनमें से 7 परियोजनाएं पूरी तरह संचालित हो चुकी हैं, जिससे प्रदेश की डिजिटल क्षमताओं को मजबूती मिली है। योगी सरकार की स्पष्ट नीति, पारदर्शी शासन व्यवस्था और मजबूत कानून-व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद गंतव्य बनाया है। डेटा सेंटर जैसे पूंजी और तकनीक आधारित क्षेत्र में निवेशकों का बढ़ता विश्वास इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश सरकार की नीतियां जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं। फरवरी 2023 में लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने उत्तर प्रदेश की निवेश क्षमता को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। इस समिट के दौरान कुल 1,36,124 करोड़ की निवेश परियोजनाओं के लिए 29 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।






School Code: 1392
गुरु नानक
पब्लिक गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल
उत्तम व सांस्कारिक शिक्षा हेतु
अंग्रेजी माध्यम व सह शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत
नगीना रोड, धामपुर-246761 (बिजनौर) उ.प्र. मो. 6395790478
सभी नगरवासियों, अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं को दशमेश गुरु
गोबिंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाशोत्सव
एवं गणतंत्र दिवस की लख-लख बधाइयां
सरदार सतमीत सिंह मनी (अध्यक्ष)
डॉ. अमरजीत सिंह चावला (प्रबंधक)
एस.पी. सलूजा
स. त्रिलोचन सिंह चावला (ऑडीटर)
कुमुद रानी (प्रधानाचार्या)

नववर्ष-2026 व
श्री गुरु गोविंद सिंह जी
के पावन प्रकाशोत्सव की लख-लख बधाइयां

J.K.
TOTAL WASHING & CLEANING SOLUTIONS

SP SALUJA
नगर अध्यक्ष, धामपुर
पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (पंजी)
Regarded member : Rotary Club Ind Area Dhampur
Guru Singh Sabha Dhampur
Nagar Kalyan Samiti Dhampur
Punjabi Sangathan Dhampur
Secretary, Entrepreneur Developer at
GURUNANAK GRAMUDYOG SEWA SANSTHAN,DHAMPUR
ADVT. PAWAN SALUJA
BBA I MBA I LLB
NPTEL I PPDC CERTIFIED
TAX LAW CONSULTANT
INCOME TAX | GST


श्री अशोक राणा
विधायक धामपुर
दशमेश पिता कलगीधर पातशाह-साहिबे कमाल
गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज
के 359वें पावन प्रकाशोत्सव
की सभी नगरवासियों-भाजपा नेताओं
व कार्यकर्ताओं-शुभचिंतकों को
लख-लख बधाईयां
आलोक फिलिंग स्टेशन
सुभाष चौक, धामपुर

स. सतमीत सिंह मनी
उपाध्यक्ष
भाजपा नगर मंडल, धामपुर

खालसा पंथ के सृजनहार, दशमेश पिता
श्री गुरु गोविन्द सिंह जी
के 359वें
पावन प्रकाश पर्व,
गणतंत्र दिवस की सभी नगरवासियों को
लख-लख बधाई एवं
हार्दिक शुभकामनाएं
पार्थ जुनेजा
धामपुर ( बिजनौर ) उ.प्र.


साहिबे कमाल सरवंश दानी दशमेश पिता
श्री गुरु गोविन्द सिंह जी
के 359वें पावन प्रकाश उत्सव
की सभी नगरवासियों व
ग्राहकों को
लख-लख बधाई एवं
हार्दिक शुभकामनाएं
स. देवेन्द्र सिंह सलूजा 7253953012
महेश मल्होत्रा 9410698090
स. गगनदीप सिंह सलूजा 8393902425
पंकज मल्होत्रा 8455973856
हरि ट्रैक्टर्स
कालागढ़ रोड
धामपुर
मल्होत्रा ज्वैलर्स
सर्राफा बाजार धामपुर
( हमारे यहां सोने व चांदी के आभूषण तैयार मिलते है )

चावला मोबाइल सेन्टर
डॉ. जाकिर हुसैन रोड, धामपुर
की ओर से साहिबे कमाल दशमेश पिता
गुरु गोविन्द सिंह जी
के 359वें पावन प्रकाश पर्व की सभी
नगरवासियों को
लख-लख बधाई

स. हरपाल सिंह चावला
प्रदेश उपाध्यक्ष
हिन्दुस्तान पिछड़ा मोर्चा भारत
मंडल अध्यक्ष
मानव अधिकार निगरानी समिति मुरादाबाद

सभी नगर वासियों, ग्राहकों व शुभचिंतकों को दशमेश पिता
श्री गुरु गोविन्द सिंह
के 359 वें पावन प्रकाश उत्सव
की लख-लख बधाई

स. सुरेन्द्र सिंह हुड्डा
जिला महासचिव
जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी
उपाध्यक्ष-गुरुद्वारा श्री गुरु
सिंह सभा, धामपुर
फर्म:- खुशी ट्रेडर्स, पजाबी मार्केट, स्टेशन रोड,
धामपुर, टोप्लैड व भारत पम्पिग सेट के जिला वितरक

सिख पंथ के सृजनहार, पटनावासी
गुरू गोविन्द सिंह जी
के 359वें
पावन प्रकाशोत्सव
पर सभी व्यापारियों, नगरवासियों को लख-लख बधाई
सरदार गुरशरन सिंह मोहन
प्रदेश मंत्री
उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार
मंडल रजिस्टर्ड

फर्म- जगत ट्रेडर्स
सुभाष चौक, धामपुर

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 2 जनवरी, 2026

एक फरवरी 2026 से नई कारों के फास्टैग पर केवाईवी प्रक्रिया होगी खत्म, एनएचएआई ने दी बड़ी राहत

# डीआरडीओ के हथियारों की ऑपरेशन सिंदूर में निर्णायक भूमिका- राजनाथ



**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक भूमिका निभाई जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति संगठन की पेशेवर क्षमता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। श्री सिंह ने गुरुवार को यहां डीआरडीओ मुख्यालय में 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस कर भारत की स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए संगठन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान डीआरडीओ के उपकरणों ने निर्बाध रूप से कार्य किया जिससे सैनिकों का मनोबल बढ़ा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डीआरडीओ सुदर्शन चक्र प्रणाली के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पहल के तहत डीआरडीओ को अगले एक दशक में देश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की पूर्ण हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वायु रक्षा प्रणाली से सुसज्जित करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायु रक्षा प्रणाली के महत्व को हमने देखा है। मुझे विश्वास है कि डीआरडीओ इस लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगा। श्री सिंह ने निजी क्षेत्र के साथ डीआरडीओ के सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि उद्योग, शिक्षाजगत और स्टार्ट-अप के साथ बढ़ती सहभागिता से एक समन्वित रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ ने अपनी प्रणालियों, प्रक्रियाओं और कार्यशैली में निरंतर सुधार किया है। खरीद प्रक्रिया से लेकर परियोजना प्रबंधन तक, उद्योग के साथ जुड़ाव से लेकर स्टार्ट-अप के साथ सहयोग तक, कार्य को सरल, तेज और अधिक विश्वसनीय बनाने के स्पष्ट प्रयास दिखाई देते हैं।

रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ का आह्वान किया कि वह तेजी से विकसित हो रहे प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ें और बदलते समय के अनुरूप उत्पाद विकसित करें। उन्होंने संगठन से नवाचार पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने और निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के लिए नए क्षेत्रों की पहचान करने का आग्रह किया। अगली पीढ़ी की तकनीकों के क्षेत्र में डीआरडीओ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रगति से न केवल देश की क्षमताएं बढ़ेंगी, बल्कि रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र भी सशक्त होगा।

उन्होंने कहा कि दुनिया हर दिन बदल रही है। प्रौद्योगिकी, नवाचार और युद्ध के नए क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहे हैं, जिससे कल का ज्ञान अप्रासंगिक होता जा रहा है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, डीआरडीओ के महानिदेशक, कॉरपोरेट निदेशक तथा अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिक और अधिकारी भी मौजूद थे।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE


इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती


डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

ATHER ELECTRIC DECEMBER
You can wait or YOU CAN SAVE ₹ 20 000*
₹10 000 On Credit Card
₹10 000 Cash benefits

ATHER स्कूटर पर 20,000/- तक का ऑफर केवल 31 दिसम्बर 2025 तक



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
(समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक)

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# बिजनौर में पिंक पावर का परचम

## महिला अधिकारियों ने अपनी प्रशासनिक क्षमता का लोहा मनवाया

चिंगारी ब्यूरो

**बिजनौर, 2 जनवरी।** महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। बिजनौर जनपद में महिला अधिकारियों ने अपनी प्रशासनिक क्षमता व योग्यता का लोहा मनवाया है। जिलाधिकारी से लेकर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के पद पर महिला अधिकारियों ने अपनी योग्यता को सिद्ध किया है।

एक दौर था, जब महिलाओं को कमजोर समझा जाता था। महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर नहीं मिलते थे। दकियानूसी सोच की बेड़ियां समाज के पैरों को जकड़े हुये थीं। समय बदला और अवसर मिला तो महिलाओं ने अपनी योग्यता को सिद्ध किया।

जनपद बिजनौर की बात करें तो वर्तमान में यहां पिंक पावर का डंका बज रहा है। जिला प्रशासन में महिला अधिकारियों का वर्चस्व है। किसी के रहमोकरम से नहीं बल्कि अपनी योग्यता और प्रतिभा के बल पर इन अधिकारियों ने यह मुकाम हासिल किया है। इनका नेतृत्व भी एक महिला ही श्रीमती जसजीत कौर (आईएएस) जिलाधिकारी के रूप में कर रही हैं। उनके नेतृत्व में जिले में दो अपर जिलाधिकारी के अलावा जिला, तहसील, विकास खंड तथा नगर निकाय स्तर पर एक दर्जन से अधिक महिला अधिकारी नारी सशक्तिकरण का प्रतीक हैं।



डीएम जसजीत कौर

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

जनपद में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार करने, आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दर्जनों विदुर कैफे, विदुर आउटलेट खोले जा रहे हैं। जहां महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा घरेलू समान, खाद्य उत्पाद वह गुणवत्तापूर्ण हस्तशिल्प चीजें तैयार कर स्वावलंबी बना रही है। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर स्वयं व उनकी टीम में शामिल महिला अधिकारी विदुर कैफों पर पहुंचकर महिलाओं को प्रेरित करती हैं। विदुर ब्रांड के जनक तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने जिलाधिकारी जसजीत कौर के मार्गदर्शन व नेतृत्व में इस महत्वाकांक्षी योजना को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया।



कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पुरैनी के औचक निरीक्षण के दौरान छात्रा से कम्प्यूटर के बारे में बात करते हुए जिलाधिकारी। (फाइल)




बिजनौर में विदुर कैफे के उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, तत्कालीन सीडीओ पूर्ण बोरा, डीएमसी रविता राठी आदि। (फाइल)

### जनपद में हर क्षेत्र में दिखी पिंक पावर

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर और उनके नेतृत्व में काम करने वाली महिला अधिकारियों की टीम स्थिति और समय कैसा भी रहा हो, हमेशा सक्रिय दिखाई दी है। मानसून काल में बाढ़ की स्थिति के दौरान जिलाधिकारी और उनकी टीम ने फील्ड में रहकर स्थिति पर न केवल नजर रखी, अपितु जनपद को बाढ़ की भीषण विभीषिका से भी बचाया और बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद भी की। इसके अलावा जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज तथा जनपद के पीएचसी व सीएचसी पर भी जिलाधिकारी की पैनी नजर रहती है। इसके अतिरिक्त ग्राम चौपाल हो या खेल का मैदान हो, सभी जगह महिला अधिकारियों की टीम ने जनपद की महिलाओं का उत्साहवर्धन के साथ उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया है। जनपद में उद्यम सखियों का चयन कर महिलाओं को उद्योगों से जोड़ने का काम किया गया है। नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत जनपद बिजनौर की रोडवेज बसों में 33 महिला

### बाल विवाहमुक्त भारत अभियान को प्रगति

जनपद में लड़कियों और लड़कों के अधिकारों की सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दृष्टि से बाल विवाहमुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।



गेहूं कटाई के दौरान लिया गया जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर का एक चित्र।

### यह है बिजनौर की पिंक पावर



श्रीमती अंशिका दीक्षित (एडीएम प्रशासन)



श्रीमती वान्या सिंह (एडीएम वित्त)



श्रीमती रितु रानी (एसडीएम सदर)



स्मृति मिश्रा (एसडीएम धामपुर)

1-श्रीमती जसजीत कौर, जिलाधिकारी
2-श्रीमती अंशिका दीक्षित,अपर जिलाधिकारी प्रशासन
3-श्रीमती वान्या सिंह, अपर जिलाधिकारी एफआर
4-सुश्री रचना गुप्ता, जिला विकास अधिकारी
5-श्रीमती रितु चौधरी, उप जिलाधिकारी सदर
6-स्मृति मिश्रा, उप जिलाधिकारी धामपुर
7-श्रीमती नेहा पांडे, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी
8-कुमारी लक्ष्मी देवी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी
9-श्रीमती वंदना कुशवाहा, परियोजना अधिकारी डूडा
10-श्रीमती नीतू सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य
11- रविता राठी, डीएमसी
12- अदिति श्रीवास्तव, जेल अधीक्षक
13-मंजू शाह, जिला मलेरिया अधिकारी
14-डॉ. निर्मला कार्या, प्राचार्या महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज
15-श्रीमती ज्योति चौधरी, खंड विकास अधिकारी कोतवाली देहात
16- अंकिता किशोर, वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ रेंज
17-श्रीमती मेघा गुप्ता, अधिशासी अधिकारी किरतपुर
18-श्रीमती मुक्ता सिंह, अधिशासी अधिकारी नजीबाबाद
19- श्रीमती सीमा रानी वर्मा, अधिशासी अधिकारी हल्दौर

इनके अलावा कुछ अन्य महिला अधिकारी भी जनपद में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दे रही हैं।

# नए साल की पार्टी के लिए रेल ट्रैक से चोरी किए 326 पेंड्रोल क्लिप

**मुजफ्फरनगर (एजेंसी/चिंगारी)।** नए साल की पार्टी मनाने के लिए मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव जडौदा निवासी तीन दोस्तों ने मंसूरपुर डीएफसीसीआईएल (डेडिकेटिड फ्रंट कॉरिडोर) रेलवे लाइन की पेंड्रोल क्लिप चोरी कर ली। इससे रेलवे ट्रैक पर दौड़ने वाली मालगाड़ी के साथ हादसा भी हो सकता था। पेंड्रोल क्लिप बरामद कर तीनों आरोपियों व एक कबाड़ी को पकड़ा गया है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता में बताया कि 28 व 31 दिसंबर को मंसूरपुर में डीएफसीसीआईएल की रेलवे लाइन ने पेंड्रोल क्लिप चोरी कर ली गई थी। मंसूरपुर थाना व रेलवे पुलिस चोरों की तलाश में लगी थी।

पुलिस ने पेंड्रोल क्लिप ट्रैक्टर-ट्राली में ले जाते हुए जडौदा निवासी मोहित, रोहित व निशु तथा भौरा कलां थाना क्षेत्र के गांव भौरा खुर्द निवासी कबाड़ी प्रवीण उर्फ भूरा को पकड़ा। भूरा वर्तमान में सिविल लाइन थाना क्षेत्र की जनकपुरी कॉलोनी में रहता है।

आरोपियों से 326 पेंड्रोल क्लिप, दो तमंचे व एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मंसूरपुर में दो व मेरठ के परतापुर में दो, एक जानी व एक कंकरखेड़ा में भी ऐसी घटना को अंजाम दिया था। कबाड़ी ने तीन-चार साल पहले भी ऐसा ही माल खरीदा था। आरोपियों से चोरी की छह घटनाओं का खुलासा हुआ है। बताया गया कि गिरफ्तार तीनों आरोपी दिखाने के लिए खेती करते हैं। आरोपियों ने पहले भी चोरी की घटना करना बताया है। उनकी जानकारी की जा रही है। पुलिस टीम को 20 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। इस दौरान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत व एसओ मंसूरपुर आनंद देव मिश्रा भी मौजूद रहे। 28 दिसंबर की रात में चोरी क्लिप को पास में ही खेत में छिपा कर रखा था, जो पुलिस को उसी दिन मिल गई थी। पुलिस को पवन सैनी नाम लिखा एक बोरा भी मिला था। पुलिस उसी दिन से क्षेत्र में रहने वाले पवन सैनी के नाम वाले संदिग्ध व्यक्ति को तलाश रही थी।

## एक बोरी ने पकड़वाए चार बदमाश

इसके अलावा चोरों तक पहुंचने के लिए पुलिस ने क्लिप में एक जीपीएस सिस्टम लगा दिया था, ताकि लोकेशन की जानकारी मिल जाए। क्लिप ले जाने के लिए पहुंचे तीनों आरोपियों व कबाड़ी को पकड़ लिया गया।


नववर्ष 2026 एवं श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव की सभी किसानों, व्यापारियों और फुटकर सब्जी विक्रेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं



राहुल सैनी आढ़ती समाजसेवी
मुमताज राईन महामंत्री
रवि कुमार सैनी कोषाध्यक्ष
न्यू थोक सब्जी मंडी आढ़ती वैलफेयर सोसाइटी (रजिस्टर्ड)
निकट विराट मंडप नहटौर रोड, धामपुर

THE SCHOLARS VALLEY SR. SEC, SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE, AFFILIATION NO. 2132589



REGISTRATION OPEN 2026-27
गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ



CHAIRMAN SHRI. AMARJEET SINGH
DIRECTOR MRS. SHAILPREET KAUR
DIRECTOR MR. JASPREET SINGH
PRINCIPAL MR. SACHIN SINGH
BEHIND SAI MANDIR, NH-74 NAGINA ROAD DHAMPUR, DISTT. BIJNOR (UP) 246761
CALL : 9627912912, 9627662662

नववर्ष 2026 एवं दशमेश पिता साहिबे कमाल
श्री गुरु गोविंद सिंह जी
के 359वें प्रकाश पर्व की सभी नगरवासियो को लख-लख बधाइयां
स. कंवलजीत सिंह सलूजा
कंवल एग्स स्टोर ग्राम नौरंगाबाद, धामपुर
मो. 9412580579



नववर्ष 2026 एवं दशमेश पिता साहिबे कमाल
श्री गुरु गोविंद सिंह जी
के 359वें प्रकाश पर्व की सभी नगरवासियो को
लख-लख बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं
निखिल छावड़ा (सन्नी)
वरिष्ठ समाजसेवी



छावड़ा ट्रांसपोर्ट
माल गोदाम रोड, ग्राम जैतरा, धामपुर (बिजनौर)

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 2 जनवरी, 2026

# पहाड़ों से मैदान तक सर्दी का सितम जारी
## कश्मीर, उत्तराखण्ड, हिमाचल में बर्फबारी

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** नये साल की पहली सुबह मौसम ने तीखे तेवर दिखाए। पहाड़ी इलाकों से लेकर उत्तर और मध्य भारत के मैदानी क्षेत्रों तक कड़कड़ाती ठंड रही और घने कोहरे के कारण भी जनजीवन बाधित रहा। कई राज्यों में शीतलहर और कोहरे को लेकर ऑरेंज व यलो अलर्ट जारी किया गया है। जम्मू-कश्मीर और आसपास के पर्वतीय इलाकों में भारी बारिश और जमकर बर्फबारी से ठंड का प्रकोप और तेज हो गया है।



मौसम विभाग की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, कई स्थानों पर सुबह और रात के समय दृश्यता बेहद कम हो गई है, जिससे सामान्य गतिविधियां तक प्रभावित हो रही हैं। मौसम विभाग ने बताया कि एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ पहले उत्तर पाकिस्तान और आसपास के अफगानिस्तान के हिस्सों में मौजूद था, जो अब पंजाब और उसके आसपास के क्षेत्रों तक पहुंच गया है। इसके प्रभाव से उत्तर भारत में बादल छाए हुए हैं और कई जगहों पर बारिश व बर्फबारी दर्ज की जा रही है।

हरियाणा और आसपास के इलाकों में ऊपरी हवा में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इससे पश्चिमी विक्षोभ अधिक सक्रिय और शक्तिशाली बना हुआ है। पूर्वानुमान के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आज, 2 और 3 जनवरी को हल्की से मध्यम बारिश तथा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। मैदानी क्षेत्रों में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और बिजली गिरने की आशंका है।

### कोहरे की चादर में लिपटा उत्तर भारत

मौसम विभाग ने असम, मेघालय, बिहार, पूर्वी राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों तक कोहरे और घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब और पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में बहुत घने कोहरे की आशंका के चलते ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया गया।

### डलहौजी में मौसम की पहली बर्फबारी

**भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि देश में खासकर मध्य और पूर्वी भारत में सामान्य से अधिक दिन शीतलहर चलेगी। विदर्भ व मराठवाड़ा के कुछ हिस्सों के अलावा मध्य प्रदेश, पूर्वी यूपी और बिहार के कुछ हिस्सों में जनवरी में एक से तीन जनवरी तक अतिरिक्त शीतलहर वाले दिन हो सकते हैं। जनवरी में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने के आसार हैं।**

# बढ़ी महंगाई, ईरान में जनता सड़कों पर आई, पुलिस ने गोली चलाई, 7 की मौत

**तेहरान (एजेंसी/चिंगारी)।** ईरान में रविवार से जारी विरोध प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में लोगों की मौत हो गई है। ये प्रदर्शन पहले राजधानी तेहरान में शुरू हुए और बाद में अन्य जगहों तक फैल गए, जब दस विश्वविद्यालयों के छात्रों ने मंगलवार को इसमें भाग लिया। विरोध प्रदर्शन की वजह आर्थिक मंदी और भारी महंगाई है, जो दिसंबर में 42.5 फीसदी तक पहुंच गई। विरोध प्रदर्शन रविवार को तब शुरू हुए, जब दुकानदार मुद्रा में तेज गिरावट और बढ़ती कीमतों के कारण सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए। व्यापारी, दुकानदार और कई विश्वविद्यालयों के छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं और प्रमुख बाजारों को बंद कर रहे हैं। बुधवार को सरकार ने सर्दियों की छुट्टी घोषित की, जिससे देश का अधिकांश हिस्सा बंद रहा।



बताया गया है कि प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया और कई इमारतें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है। ईरान की अर्थव्यवस्था पर वर्षों से अमेरिकी और पश्चिमी प्रतिबंधों का दबाव रहा है। इनमें ज्यादातर प्रतिबंध तेहरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े हैं।

# चेनाब पर पनबिजली परियोजना पर गिड़गिड़ाया पाकिस्तान
## सिंधु जल समझौते की देने लगा दुहाई

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि स्थगित करते हुए दोटूक कह दिया था कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दोटूक कह चुके हैं कि सिंधु जल समझौते की शर्तें हमें मंजूर नहीं हैं। अब चेनाब नदी पर कश्मीर में भारत की दुलहस्ती चरण-2 पनबिजली परियोजना के ऐलान से पाकिस्तान गिड़गिड़ाने लगा है। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर हुसैन आंद्राबी ने कहा है कि सिंधु जल समझौते के तहत पश्चिमी नदियों पर पनबिजली परियोजना के निर्माण के लिए अपने सीमित अधिकार का भार एकतरफा दुरुपयोग नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि यह जल समझौता बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय समझौता बना हुआ है।



पाकिस्तानी विदेश कार्यालय के प्रवक्ता आंद्राबी ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान गुरुवार को यह टिप्पणी की। आंद्राबी ने भारत की इस पनबिजली परियोजना को लेकर सवाल पर कहा कि हमने चेनाब नदी पर भारत की परियोजना से संबंधित मीडिया रिपोर्ट्स देखी हैं। उन्होंने कहा कि ये रिपोर्ट गंभीर चिंताएं पैदा करती हैं, क्योंकि इस परियोजना को लेकर हमारे साथ पहले कोई जानकारी या सूचना साझा नहीं की गई।

आंद्राबी ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत से ऐसी परियोजनाओं को लेकर जानकारी मांगी है, जिन पर वह काम करने की योजना बना रहा है। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने यह भी कहा है कि पाकिस्तानी आयुक्त ने भारत में अपने समकक्ष से कथित परियोजनाओं की प्रकृति, दायरे और तकनीकी विवरण को लेकर स्पष्टीकरण की मांग की है।





## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शनिवार, 3 जनवरी 2026**

मेष- व्यावसायिक पक्ष में उपस्थित व्यवधान समाप्त, मनोबल से कार्यसिद्धि, शुभ भावनाओं का उदय होने से आत्मिक शांति, दूर समीप की यात्रा का प्रसंग।

वृषभ- जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, व्यक्तिगत कार्यक्षमता में वृद्धि, नौकरी में प्रोन्नति या स्थानान्तरण विषयक मसला हल, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति।

मिथुन- शारीरिक सुख, कार्यों में प्रगति की दिशा में प्रयास, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, पारिवारिक सौहार्द, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, प्रसन्नता।

कर्क- व्यावसायिक पक्ष में निराशा, आहार-विहार की अनियमितता से स्वास्थ्य प्रभावी, घरेलू समस्याओं से मन अशान्त, बात-बात पर क्रोध, प्रियजनों से मतभेद।

सिंह- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, व्यक्तिगत समस्या का संतोषजनक समाधान, विरोधियों का वर्चस्व में कमी, आपसी सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा का प्रसंग

कन्या- स्वास्थ्य में अनुकूलता किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आपसी सौहार्द, अध्यवसाय की ओर रुझान, मौजमस्ती के निमित्त व्यय।

तुला- कार्य व्यवसाय में विस्तार हेतु किये जा रहे प्रयास सार्थक, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, यात्रा सकुशल।

वृश्चिक- संकल्प-विकल्प की स्थिति, आरोग्य सुख में कमी, परिवार में अशांति, विरोधी प्रभावी, आय की तुलना में व्यय की अधिकता, परीक्षा एवं प्रतियोगिता में असफलता।

धनु- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, मनोवांछित सफलता का सुअवसर प्राप्त, मान सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, सुख के साधन सुलभ।

मकर- विचाराधीन योजना का मूर्तरूप में परिणित, व्यापारिक उन्नति, किसी पुरातन विवाद का निर्णय पक्ष में, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोविनोद के अवसर सुलभ।

कुम्भ- नौकरी में प्रोन्नति या स्थानान्तरण हेतु विषयक मसला हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, नवसमाचार से प्रसन्नता।

मीन- प्रगति में अवरोध, विचारित योजना अधूरी, वाद-विवाद से तनाव, कार्य व्यवसाय अर्थ-पक्ष में निराशा, मानसिक बेचैनी, वाहन से चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# सच, संवेदना और जनसरोकार...

## हमेशा रहेंगे बि.टा./चिंगारी की पत्रकारिता के आधार



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संस्थान के सदस्य।



आभार व्यक्त करते हुए शुभ रघुवंशी।

**बिजनौर ( चिंगारी )। जनपद बिजनौर के प्रथम हिंदी दैनिक बिजनौर टाइम्स एवं प्रथम सांध्य दैनिक चिंगारी के संपादक मण्डल और संवाददाताओं ने सच, संवेदना और जनसरोकार की पत्रकारिता पर अडिग रहने का संकल्प व्यक्त किया।**

नववर्ष के अवसर पर आयोजित पर वार्षिक समागम में पत्रकारिता के पुरोधा श्रद्धेय बाबूसिंह चौहान का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अक्षुण्य रखने तथा आम आदमी की पीड़ा को स्वर देने की शपथ ली गई। धर्मनिरपेक्षता, साम्प्रदायिक सद्भाव, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिये प्रतिबद्धता रहेगी।

बैठक में प्रधान संपादक श्री चंद्रमणि रघुवंशी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। संपादक सूर्यमणि रघुवंशी ने वर्ष 2026 की योजनाओं को रेखांकित करते हुए मिशनरी पत्रकारिता के लिये प्रेरित किया। ग्रुप के वरिष्ठ पत्रकार हुक्का बिजनौरी, मरगूब रहमानी, वेदव्रत वेणु, मिर्जा तालिब बेग, अतीक अली जैदी, नितिन कौशिक, राशिद मलिक, सुशील कुमार शर्मा, नौशाद मुल्तानी आदि ने भी विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार चौधरी ब्रह्मपाल सिंह ने की। शुभ रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया। अंत में श्री हुक्का बिजनौरी की धर्मपत्नी तथा श्री आलोक गोविल की बहन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।





वार्षिक समागम में भाग लेते हुए संवाददातागण।

## राशिद मलिक, विपिन भारद्वाज, जितेंद्र पाल मैन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित






नववर्ष के अवसर पर संस्थान के 3 सदस्यों को मैन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट समाचार लेखन के लिये बढ़ापुर के वरिष्ठ पत्रकार राशिद मलिक को, बिजनेस प्रमोशन (विज्ञापन) में उच्च कीर्तिमान के लिये विपिन भारद्वाज को तथा दोनों समाचार-पत्रों के शानदार कलेवर के लिये जितेंद्र पाल को मैन ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया। संपादक सूर्यमणि रघुवंशी ने इन तीनों का जीवन परिचय देते हुए कहा कि यह पुरस्कार हर वर्ष प्रदान किया जायेगा। उन्होंने संस्थान के सभी सदस्यों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी सदस्यों व संवाददाताओं के अलावा टैक्सी चालकों व बिजनौर नगर के हॉकर्स को भी सम्मानित किया गया।



**भली लगे या बुरी ...**

## बढ़ते यौन अपराध और समाज

देश में बढ़ते यौन अपराधों से जो सबक लिये जाने चाहिये, लेकिन अफ़सोस है कि अभी भी प्रशासनिक व सामाजिक ढांचा कुछ सीखने को तैयार नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक नयी रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में हर तीसरी महिला कभी न कभी यौन हिंसा की शिकार हो रही है और भारत में यह स्थिति और भी खराब है। निहित स्वार्थी तत्वों को किनारे करते हुए अब आम जनता, सरकार व राजनीतिक दलों को महिला विरोधी निर्मम प्रशासनिक ढांचे, दकियानूस सामाजिक सोच और समानता पर आधारित बदलाव के लिए उपयुक्त कदम उठाने चाहिये, जिससे अतीत के अनेक बलात्कार पीड़ितों की शहादत बेकार न जाये। फिलहाल जमीनी हालात पर एक नज़र डालते हैं। महिला उत्पीड़न सिर्फ बलात्कार तक सीमित नहीं है। एक से दिखते चेहरे के हजारे मुखौटे हैं। बलात्कार हो या उसके बाद हत्या, पारिवारिक हिंसा हो या महिला के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार, विभिन्न धर्मों/जातियों से बंधे लड़के/लड़कियों के विवाह बंधन में बंधने के बाद भी कथित सम्मान के नाम पर उनकी हत्याएं सब एक ही मर्ज को सामने रखते हैं। वह मर्ज, जिसमें बराबरी की जगह पुरुष नियंत्रित समाज 'आधी दुनिया' के साथ आयेदिन मनमाना व्यवहार करता आ रहा है। जड़ प्रशासनिक व्यवस्था महिला सम्बन्धी विभिन्न अपराधों के समय आग में घी का काम कर रही है। जाहिर है कि महिला अपराधों की वास्तविक रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर दूरगामी नीतियों को अपनाना समय की सर्वप्रमुख मांग है। सबसे महत्वपूर्ण संदेश 'नज़रें तुम्हारी खराब और कपड़े हम बदलें' जैसे नारों का उन संकीर्ण व निहित स्वार्थी महिला-विरोधी तत्वों के लिए यह है कि अब युवतियां किसी प्रकार का प्रतिगामी 'ड्रेस कोड' बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं होंगी। देश के रुढ़िवादी और कठमुल्ला तत्वों को इससे समुचित सबक लेना चाहिये। इसके साथ ही युवतियों ने यह सबक भी दे दिया है कि अब उनको घरों की संकुचित चहारदीवारी में कैद करके नहीं रखा जा सकता या उनको हमेशा बाहर निकलने के समय किसी परिवारी सदस्य के संरक्षण के लिए भी बाध्य नहीं किया जा सकता।

# शेयर बाज़ार की उलझन में उलझ रही है एनपीएस-यूपीएस धारकों की पेंशन

## संकल्प, दृढ़ निश्चय, संघर्ष और मुद्दे के प्रति समर्पण के नाम रहा ये पूरा साल

## एनपीएस धारक कार्मिकों की सांसें रुक जाती हैं शेयर बाज़ार की गिरावट पर

**सरकार की इस दोगली नीति के विरोध में देश के शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर एनएमओपीएस राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में संघर्षरत हैं। संघर्ष के क्रम में वर्ष 2025 में 25 फरवरी से 10 मार्च तक पूरे देश में सांसदों को ज्ञापन देकर एनपीएस-यूपीएस के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम पत्र लिखवाया गया।**

सरकारी विभागों में कार्यरत रहने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारी के सेवानिवृत्ति के उपरांत पेंशन व्यवस्था ही उसको समाज में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करने का माध्यम है, जो उसे भारतीय संविधान के अनुरूप दिया गया था, लेकिन 1 जनवरी 2004 में केंद्र सरकार और 1 अप्रैल 2005 में उत्तर प्रदेश सरकार ने एनपीएस (नई पेंशन) व्यवस्था को लागू कर देश के शिक्षकों एवं कर्मचारी के भविष्य की आर्थिक, सामाजिक सुरक्षा को शेयर बाजार के हवाले कर दिया था। नई पेंशन व्यवस्था शेयर पर आधारित है और समय-समय पर शेयर बाजार में तेजी से गिरावट आई है और पीएफआरडीए (पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण) के द्वारा लगाई गई देश के 80 लाख से अधिक शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मेहनत की कमाई बड़े स्तर पर डूबता रहा है। आज पेंशन व्यवस्था को लेकर देश का शिक्षक एवं कर्मचारी अपनी भविष्य की आर्थिक, सामाजिक सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित है। सरकारी कर्मचारी को जो समय जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए मिला हुआ है, अब वह समय-समय पर पेंशन बहाली को लेकर संघर्ष करने में व्यतीत करते कर रहे हैं। संघर्ष की बदौलत नई पेंशन व्यवस्था के स्थान पर देश के कई राज्यों में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल हुई है। नई पेंशन व्यवस्था में सेवानिवृत्ति होने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पेंशन के नाम पर मात्र 800,1250,1340 या 3157 रु. मिल रहे हैं, जिसने सेवा नियुक्त होने वाली शिक्षकों एवं कर्मचारियों के भविष्य को असुरक्षित करने का कार्य किया है। केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय शिक्षकों एवं कर्मचारियों गारंटेड पेंशन के नाम पर एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) शुरू की गई, जो 1 अप्रैल 2025 से प्रभावी हुई। यह योजना राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए एक विकल्प के रूप में प्रस्तुत की गई है। यूनिफाइड पेंशन स्कीम में कार्मिकों की सेवानिवृत्ति उसके वेतन से होनी वाली 10 प्रतिशत कटौती की संपूर्ण धनराशि का 97 प्रतिशत भाग तो नहीं दिया जायेगा, जबकि एनपीएस में कटौती का 60 प्रतिशत देने का प्रवधान है। यूपीए पेंशन स्कीम को केन्द्रीय शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने 1.5 प्रतिशत भी स्वीकार नहीं किया, जबकि शासन द्वारा इसके विकल्प को लेने के लिए अनेक बार तिथि को बढ़ाया गया, लेकिन इसे कर्मचारियों ने स्वीकार नहीं किया। पुरानी पेंशन व्यवस्था में सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों को अंतिम वेतन के 50 प्रतिशत गारंटेड पेंशन मिलती है और उसके वेतन से होने वाली कटौती जीएफ के रूप में सेवानिवृत्ति पर वापस कर दी जाती है, जो कि एनपीएस-यूपीएस में नहीं है। सरकार की इस दोगली नीति के विरोध में देश के शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर एनएमओपीएस राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में संघर्षरत हैं। संघर्ष के क्रम में वर्ष 2025 में 25 फरवरी से 10 मार्च तक पूरे देश में सांसदों को ज्ञापन देकर एनपीएस-यूपीएस के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम पत्र लिखवाया गया। 15 मार्च से 31 मार्च तक जनजागृति का अभियान। 1 अप्रैल को पूरे देश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर शिक्षक, कर्मचारियों ने बाह पर काली पट्टी बांधकर कार्य करने के उपरांत जिला अधिकारी को माननीय प्रधानमंत्री जी के नाम ज्ञापन सौंपा।




1 मई को श्रमिक दिवस के दिन जंतर-मंतर पर आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन को पहलगाम हमले को दृष्टिगत रखते हुए स्थगित कर पूरे देश में हमले में शहीद नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सम्मानित साथियों अटेवा द्वारा पेंशन शहीद डॉ. रामाशीष सिंह भवन का लोकार्पण समारोह का आयोजन मई के महीने में करके हमारे नेतृत्व ने अपनी दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति का एक कीर्तिमान इस साल स्थापित किया, जो कि शिक्षक, कर्मचारी संगठनों के संघर्ष के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया जाएगा। 1 अगस्त को एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण के विरोध में रोष मार्च का आयोजन पूरे देश में जिला मुख्यालयों पर किया गया।

5 सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन देश भर के सभी शिक्षक, कर्मचारियों का पुरानी पेंशन के लिए सामूहिक उपवास का कार्यक्रम रखा गया। 1 अक्टूबर को गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर सोशल मीडिया एक्स पर आल इंडिया ट्विटर कैंपेन किया गया, जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों ने अपने मुद्दे को विश्व पटल पर ट्रेंड कराया और फिर बहुप्रतीक्षित 25 नवम्बर दिल्ली चलो आह्वान, जिसमें हजारों बाधाओं और अवरोधों के बावजूद लाखों शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने जंतर-मंतर पर महारैली में प्रतिभाग कर एक इतिहास रचा। सरकार द्वारा महारैली को लेकर दमनकारी नीति को अपनाते हुए, जिसमें हमारे संगठन के अनेक पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट किया गया, साथ ही महारैली के सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न होने के उपरांत अनेक राष्ट्रीय पदाधिकारियों पर मुकदमे दर्ज किए गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु का नेतृत्व पुरानी पेंशन बहाली के लिए दृढ़संकल्पित है, जो संघर्ष पुरानी पेंशन बहली तक जारी रहेगा। अटेवा एवं एनएमओपीएस प्रत्येक दिन अपने और आपके मुद्दे को लेकर लगातार सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष कर रहा है। सरकार को एनपीएस-यूपीएस विकल्प के साथ पुरानी पेंशन का विकल्प देकर देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के आक्रोश को समाप्त करना चाहिए। क्योंकि देश का शिक्षक एवं कर्मचारी पेंशन के लिए शेयर बाजार की उलझन में उलझ रह। जब-जब शेयर बाजार में गिरावट आती है, तब-तब एनपीएस-यूपीएस धारक कार्मिकों की सांसें रुक जाती हैं।



**चंद्रहास सिंह**
प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी अटेवा उ.प्र.

# 31 जनवरी तक चलेगा सड़क सुरक्षा अभियान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने 31 जनवरी तक संचालित होने वाले सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनजागरूकता के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया तथा सुरक्षा से संबंधित सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), बिजनौर गौरी शंकर ठाकुर, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), बिजनौर, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, बिजनौर डिपो, अशोक कुमार एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, धामपुर डिपो, यातायात पुलिस निरीक्षक रवि नैन आदि उपस्थित रहे। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), शिव शंकर सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा जागरूकता सम्बन्धी, पोस्टर, स्टीकर, हैंडबिल एवं पम्पलेट का वितरण किया गया तथा जनपद मुख्य चौराहों एवं मुख्य स्थानों पर फ्लेक्स बोर्ड लगाये गये हैं।



डीएम ने किया हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ

# आरोही ने धामपुर का नाम रोशन किया



**धामपुर ( चिंगारी )।** पुष्प निकेतन की छात्रा ने जिले का नाम रोशन किया है। गाजियाबाद के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में यूनिवर्सल योगा सपोर्ट फेडरेशन (यूवाईएसएफ) द्वारा चतुर्थ वर्ल्ड योगा कप का आयोजन किया गया, जिसमें 16 देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। धामपुर के पुष्प निकेतन की पांचवीं कक्षा की छात्रा आरोही ने ट्रेडिशनल योगा में द्वितीय स्थान एवं आर्टिस्टिक योगा में प्रथम स्थान प्राप्त कर धामपुर और जिले का नाम रोशन किया। आरोही की माताजी डॉ. अर्चना एसबीडी कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विभाग की हेड हैं एवं पिताजी डॉक्टर जिनेन्द्र सर्विस करते हैं। चिंगारी परिवार आरोही के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# बिना अनुमति होर्डिंग व फ्लेक्सी लगाने वालों को नोटिस जारी

**नहटौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका प्रशासन ने नगर क्षेत्र में बिना अनुमति के लगाए गये होर्डिंग, फ्लेक्सी, यूनिपोल लगाने पर संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर दिये हैं। 12 जनवरी तक अनुमति न लेने पर उनसे जुर्माना वसूलने के लिए तहसील को रिपोर्ट दी जाएगी, जिसकी वसूली तहसील करेगी। नहटौर नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग स्थान पर यूनिपोल, होर्डिंग, फ्लेक्सी लगाकर रखे हैं। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने बताया कि यूनिपोल व होर्डिंग संबंधित व्यक्तियों से नगर पालिका से अनुमति लेने के लिए बार-बार अवगत कराया गया, परंतु उनके द्वारा इस ओर ध्यान न देने पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। सम्बंधित 12 लोगों को नोटिस जारी कर दिये गये हैं। 12 जनवरी तक यदि अनुमति नहीं लेते हैं, तो 13 जनवरी से यूनिपोल, फ्लेक्सी व होर्डिंग उखाड़ने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इन पर जो खर्चा आएगा, वह जुर्माने के साथ वसूला जाएगा।


माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105

आपके शहर बिजनौर में पहली बार

एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)

डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ

24/7 SERVICE

परामर्श समय
प्रात: 10:30 से सायं 7:30 बजे तक

आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का नि:शुल्क ऑपरेशन

उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।


# डा. भानुप्रकाश फिर चुने गये जिलाध्यक्ष



**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्व. बाबू बालेश्वर लाल की जयंती पर जिला इकाई का गठन किया गया। ग्राम मोरना स्थित भारत सेवा धाम परिसर में महंत देवराज कमल की अध्यक्षता व जिला महामंत्री जितेन्द्र कुमार के संचालन में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में डा. आलम फरीदी ने डा. भानुप्रकाश वर्मा को ही पुन: जिलाध्यक्ष का दायित्व संभालने का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर समर्थन किया। इस दौरान जितेन्द्र कुमार को जिला महामंत्री चुना गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के संस्थापक स्व. बाबू बालेश्वर लाल की जयंती श्रद्धा के साथ मनायी गयी। डा. नरेशपाल सिंह, डा. भानुप्रकाश वर्मा, गुरवंत सिंह राठौर, परम सिंह, चौ. शेर सिंह, अवनीश शर्मा, नरेश फौजी, सतवेन्द्र सिंह गुजराल, नीरज शर्मा, कमल सिंह, ऋषि त्यागी, रामरतन सिंह, डा. मनोज कटारिया, पवन सिंह चौधरी आदि ने बाबू बालेश्वर लाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने ग्रामीण पत्रकारों को नयी पहचान दिलायी।


DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.


# सिंचाई विभाग के आवासीय परिसर में कार्यालय निर्माण को रोकने के लिये डीएम से मिले

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सिंचाई विभाग की मध्य गंगा आवासीय कॉलोनी के परिसर में खंड चार के कार्यालय का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। इस निर्माण से उस परिसर में निवास कर रहे कर्मचारियों व उनके परिजनों को भविष्य में विभिन्न समस्याओं का सामना भविष्य में करना पड़ेगा। साथ ही इस कार्यालय के निर्माण से पूर्व अनेक फलदार व छायादार वृक्षों को भी काटा जाएगा। इस निर्माण कार्य को लेकर परिसर में रह रहे कर्मचारियों व उनके परिजनों में रोष व्याप्त है। इस विषय को लेकर गुरूवार को जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर से संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला मंत्री क्रांति कुमार शर्मा, राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह, भंडार कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष शिवकुमार दिवाकर व अन्य कर्मचारियों ने सिंचाई विभाग में कार्यालय के होने वाले निर्माण के विषय पर अवगत कराते हुए आवासीय परिसर में निर्माण न करने की मांग की। इस विषय को लेकर संबंधित अधिशासी अभियंता से भी से भी जनपद के सभी विभागीय संगठनों के पदाधिकारी वार्ता करेंगे, यदि इस निर्माण को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया, तो सभी संगठन मिलकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। मोहम्मद शारिक, वीरेंद्र कुमार, उमेश कुमार, वीके शर्मा, पुनीत राणा आदि मौजूद रहे।

# कबाड़ी को बेच दीं बच्चों की किताबें

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** लखनऊ के मोहनलालगंज में स्थित प्राथमिक स्कूल में बच्चों की किताबें कबाड़ी को बेचने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो वायरल हुआ, तो विभाग में हड़कंप मच गया। हैरानी की बात यह है कि जहां नगर और ग्रामीण इलाकों के करीब 20 प्रतिशत प्राथमिक स्कूलों में बच्चों के पास सिलेबस की सभी किताबें नहीं हैं, वहीं नेवाजखेड़ा स्कूल में अतिरिक्त किताबें होने के बावजूद उन्हें जरूरतमंद बच्चों को देने की बजाय कबाड़ी को बेच दिया गया।

इस मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब किताबों से भरी बोरियों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में एक कबाड़ी स्कूल परिसर से करीब छह बोरियों में किताबें और अन्य सामग्री लेकर बाहर निकलता दिख रहा है। ग्रामीण बच्चों ने कबाड़ी को रोककर बोरी खुलवाई, जिसमें कक्षा एक से पांच तक की किताबें मिलीं। किताबों और सामग्री का वजन करीब दो क्विंटल बताया जा रहा है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापक की मौजूदगी में ही किताबें बेची गईं। मोहनलालगंज बीईओ सुशील कनौजिया ने कहा कि उन्होंने खुद स्कूल पहुंचकर जांच की और ग्रामीणों व कबाड़ी दोनों के बयान दर्ज किये। कबाड़ी ने भी स्वीकार किया कि रेट तय कर पहले किताबें खरीदी गईं, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें वापस ले जाया गया। बीईओ ने प्रधानाध्यापक को नोटिस जारी कर यह जानकारी मांगी है कि कबाड़ी को बेची गई किताबें किस वर्ष की थीं और अन्य सामग्री का पूरा विवरण क्या है। बेसिक शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार ने शुरुआती जांच में चूक स्वीकार करते हुए प्रधानाध्यापक रविंद्र गुप्ता को निलंबित कर दिया है। बीएसए ने कहा कि संभव है निरीक्षण में लापरवाही हुई हो, लेकिन कार्य पुस्तिकाएं विद्यालय में मौजूद थीं और उन्हें कबाड़ में बेचने की बजाय बच्चों को बांटा जाना चाहिए था। उन्होंने साफ किया कि जांच में अगर कोई और दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**लखनऊ के सरकारी स्कूल का वीडियो वायरल**



# रिसॉर्ट के बार में आग लगने से 40 लोगों की मौत

**जेनेवा (एजेंसी/चिंगारी)।** दक्षिण-पश्चिमी स्विट्जरलैंड के वैलिस कैंटन में क्रान्स-मोंटाना स्की रिसॉर्ट के एक बार में आग लगने से लगभग 40 लोगों की मौत हो गई, जबकि 110 से अधिक लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को दी। वैलिस कैंटन के पुलिस प्रमुख फ्रेडरिक गिस्लर ने दोपहर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में हताहतों की संख्या की पुष्टि की। गिस्लर ने पत्रकारों को कहा, 'हमारे अनुसार लगभग 40 लोगों की मौत हो गई है और 115 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से अधिकांश गंभीर रूप से घायल हैं।' पुलिस के अनुसार, घायलों में अधिकांश युवा हैं, जिन्हें वैलिस कैंटन की राजधानी सियोन के अस्पतालों के साथ-साथ लॉज, ज्यूरिख और जिनेवा सहित अन्य शहरों के अस्पतालों में भेजा गया है। वालेइस कैंटोनल सरकार के अध्यक्ष मैथियास रेनार्ड ने कहा कि कुछ घायलों को बाद में विदेशी अस्पतालों में स्थानांतरित किया जा सकता है। स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से पहले कहा था कि नये साल की पूर्व संध्या पर क्रान्स-मोंटाना के केंद्र में स्थित एक बार में भीषण आग लग गई। स्थानीय समयानुसार रात 1:30 बजे के कुछ ही समय बाद अलार्म बजाया गया, जिसके बाद दर्जनों एम्बुलेंस और हेलीकॉप्टर भेजे गये। स्विस परिसंघ के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन ने इस घटना को देश के इतिहास की सबसे भीषण त्रासदियों में से एक बताया। श्री पार्मेलिन ने कहा कि सरकार सभी परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है।

# उत्तर प्रदेश में नये साल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 21 आईएएस का तबादला

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने नये साल के पहले दिन गुरुवार को एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुये भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 21 अधिकारियों का तबादला कर दिया।



आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि विशेष सचिव निर्वाचन विभाग अखंड प्रताप सिंह को सचिव निर्वाचन विभाग के पद पर भेजा गया है। हालांकि वह अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कार्यभार यथावत संभालेंगे।

प्रभारी महानिरीक्षक निबंधन नेहा शर्मा को प्रभारी निरीक्षक निबंधन विभाग बनाया गया है, वहीं प्रभारी महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी को महानिदेशक स्कूल शिक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है।

योगेश कुमार प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक सहकारी समितियों को आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता का पदभार दिया गया है, वहीं चिकित्सा शिक्षा विभाग की सचिव अपर्णा यू को प्रमुख सचिव राजस्व विभाग के पद पर भेजा गया है। वित्त विभाग की सचिव डा. सारिका मोहन को चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव के अलावा महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा का पद सौंपा गया है। इनके अलावा गृह, वित्त और समाज कल्याण विभाग में भी वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है।

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
SJ Siddharth Jewellers
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन

अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं

अन्य सेवाएं-
➤100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➤डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➤22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

Hero VIDA
VIDA EVOOTER | VX2
PROUD WINNER OF
ELECTRIC 2-WHEELER OF THE YEAR ★ 2025
आवश्यकता है दो कुशल फील्ड एग्जीक्यूटिव की
10,000 रुपये तक का फायदा

आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
किरतपुर रोड, बिजनौर मोबाइल 9289922765, 8048243335
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर होगा उत्तर प्रदेश दिवस का मुख्य आयोजन : योगी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस का मुख्य आयोजन इस वर्ष लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर किया जायेगा। योगी ने गुरुवार शाम उत्तर प्रदेश दिवस (24 से 26 जनवरी) की तैयारियों के संबंध में बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन नोएडा शिल्पग्राम गौतमबुद्धनगर समेत सभी जिलों, देश के अन्य राज्यों व उन देशों में भी भव्य रूप से हो, जहां बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के निवासी रहते हैं। साथ ही इन आयोजनों में सरदार वल्लभ भाई पटेल, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, वंदे मातरम्, आनंद मठ से जुड़ी नाट्य प्रस्तुतियों समेत अन्य कार्यक्रम किए जाएं।



मुख्यमंत्री ने 12 जनवरी को युवा दिवस, 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी राष्ट्रीय पर्यटन दिवस/मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को भव्यता से मनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस पर ब्लॉक, नगर व जनपद स्तर पर गायन, वादन, नृत्य, नाट्य प्रतियोगिताएं कराई जाएं। यहां प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को मंडल स्तर पर मौका दिया जाए, फिर यहां तीन स्थान प्राप्त करने वाले उत्कृष्ट कलाकारों को लखनऊ में होने वाले मुख्य समारोह में प्रस्तुति का अवसर दें और उन्हें पुरस्कृत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, माटी कला बोर्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, चिकित्सकों, प्रगतिशील किसानों व वैज्ञानिकों का सम्मान किया जाए।

## स्थानीय कलाकारों को मौका दें

योगी ने निर्देश दिया कि जनपदों में होने वाले कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों, कवियों आदि को अवसर दें। इन प्रतिभाओं को मंच देने से वे प्रोत्साहित होंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर जनपद में मंत्रियों, निगम/बोर्ड के चेयरमैन, जनप्रतिनिधियों आदि को आमंत्रित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी विभागों के समन्वय के साथ ही भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, संगीत नाटक अकादमी, ललित कला अकादमी जैसे संस्थानों को उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि इससे यह आयोजन काफी भव्य और रोचक होगा। मुख्यमंत्री जी ने कलाकारों द्वारा पुराने वाद्ययंत्रों के प्रयोग पर भी जोर दिया।

# आने वाला समय सपा का- शरीफ़ कस्सार

## सपा कार्यकर्ताओं ने मनाया नववर्ष

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र अध्यक्ष कासमपुर गढ़ी निवासी व्यापारी नेता शरीफ कस्सार ने नववर्ष पर बिजनौर पहुंचकर सपा नेताओं के साथ नववर्ष मनाया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय राजनीति पर चर्चा करते हुए पंचायत चुनाव पर भी गौर-ओ-फिक्र किया। इस अवसर पर मौजूद सपा (अ.मो.) के जिलाध्यक्ष महमूद कस्सार ने कहा कि आने वाला समय सपा का है और पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद 2027 में यूपी में सपा की सरकार बनेगी। भगीरथ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सपा नेता एड. मदनलाल सैनी ने कहा कि सपा सर्वसमाज की हितैषी है, जो बिना भेदभाव सर्वसमाज के विकास पर विश्वास करती है। इस मौके पर सपा नेताओं ने पार्टी संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को भी याद किया और पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी मुखिया



अखिलेश यादव की जनहितकारी नीतियों को सराहा। अपने सम्बोधन में शरीफ कस्सार ने बताया कि वह पंचायत चुनाव में अफजलगढ़ क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 से जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी कर रहे हैं।

## तोड़कर दुकान के ताले गल्ले से एक लाख निकाले

**हल्दौर ( चिंगारी )।** बीती रात्रि चोरों ने बुलंद हौसले के साथ यहां मुख्य बाजार टाट मोहरा पर एक दुकान के शटर के ताले तोड़कर दुकान के गल्ले में रखी लाखों रुपए की नगदी व एक इनवर्टर का बैटरा चोरी कर लिया। सूचना पर थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया। मुहल्ला भूड़ निवासी धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ दिन्ने की नगर के मुख्य व दिन-रात के आवागमन वाले बाजार टाट मोहरा पर एमएस ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। वृहस्पतिवार की शाम वह दुकान बंद करके अपने घर चला गया था। रात्रि में किसी टाइम चोर उसकी दुकान को निशाना बनाते हुए दुकान के शटर के दोनों ताले तोड़कर अंदर घुस गए और दुकान के गल्ले को उन्होंने किसी तरह तोड़कर गल्ले में रखी लाखों रुपए की नगदी व इनवर्टर पर लगा बैटरा चोरी कर कर ले गये।

# भाकपा का 101वां स्थापना दिवस मनाया

## पार्टी ने हमेशा सर्वहारा वर्ग के लिये संघर्ष किया- गुलाम साबिर

**नहटौर ( चिंगारी )।** हल्दौर चौराहे के निकट स्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने पार्टी के 101वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के ऐतिहासिक संघर्षों, जनहित में निभाई गई भूमिका और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कामरेड गुलाम साबिर सिद्दीकी ने अपने संबोधन में कहा कि भाकपा ने समय-समय पर विभिन्न सरकारों में भागीदारी कर जनहित और विकास के मुद्दों को मजबूती से उठाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी ने हमेशा मजदूर, किसान और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने लंबे संघर्ष और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भाकपा ने कई



प्रदेशों में जनहित की सरकारें चलाईं और समाज के कमजोर वर्गों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत करने, नई पीढ़ी को सक्रिय रूप से जोड़ने और पार्टी की मूल विचारधारा को बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं ने पिछले 101 वर्षों में पार्टी द्वारा किए गए संघर्षों और सामाजिक न्याय के लिए उठाए गए कदमों को याद किया। साथ ही उन्होंने देश और जिले के विकास के लिए, जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और आगामी कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर कामरेड गुलाम साबिर, कामरेड मकसूद राणा, असद फारूकी, जावेद जाट, सोमपाल, नरेश, सुनील, विजय, अंजार अहमद, सागर, अमीर अहमद, अतीक अहमद, मौ. फैजान आदि मौजूद रहे।

# मेजर की बीमार बेटी को 24 घंटे के भीतर मिला अपने मकान पर क़ब्ज़ा

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर क्षेत्र में दबंगों की प्रताड़ना की शिकार एक मेजर की बेटी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्याय दिलाया है। योगी के निर्देश पर सिर्फ 24 घंटे के अंदर पुलिस ने उसका करोड़ों का मकान उसे दिलाकर भूमाफियों को बंदी बना लिया।

अपने मेजर पिता और भाई-बहन को खोने के बाद से अंजना सीजोफ्रेनिया से जूझ रही हैं और रिहैब सेंटर में हैं। वह बुधवार को मुख्यमंत्री से मिलीं थीं तो उन्होंने बताया था कि चंदौली के बलराम यादव ने उनके मकान पर कब्जा कर लिया है। योगी से उन्हें 24 घंटे के भीतर न्याय का भरोसा मिला और गुरुवार को दोपहर से पहले ही उन्हें जब अपने मकान पर कब्जा मिला तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। अंजना के पिता स्व. बिपिनचंद्र भट्ट सेना में मेजर थे। उनका इंदिरानगर में ए-418 नंबर का मकान है। उनका निधन 1994 में हो गया। मेजर भट्ट के एक बेटे व दो बेटियां थीं। उनके बेटे व एक बेटी का निधन हो चुका है।



**मुख्यमंत्री योगी ने न्याय दिलाया**

सिर्फ अंजना ही परिवार में रह गई थीं। सीजोफ्रेनिया से पीड़ित होने पर अंजना को 2016 में निर्वाण रिहैब सेंटर ले जाया गया, वहां के डॉक्टर की देखरेख में उनका इलाज शुरू हुआ। उन्हें बीमार देख बलराम यादव और मनोज कुमार यादव ने उनकी जमीन पर अपना बोर्ड लगा दिया और फर्जी कागजों से जमीन अपने नाम करा ली। यह सूचना जब अंजना को मिली तो उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने का आग्रह किया।

31 दिसंबर (बुधवार शाम) मुख्यमंत्री ने उन्हें अपने पास बुलाया और देश की सेवा करने वाले सैनिक की बेटी की पीड़ा को ध्यान से सुना। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को बताया कि विगत दिनों चंदौली निवासी बलवंत यादव ने फर्जी दस्तावेज लगाकर मकान पर कब्जा कर लिया है। मकान पर बलवंत कुमार का बोर्ड भी लगा दिया गया है। उन्होंने छह दिसंबर को स्थानीय थाने पर प्रार्थना-पत्र देकर इसे खाली कराने का आग्रह किया। जब इस प्रक्रिया में विलंब होने लगा तो उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी व्यथा सुनाई।

रिहैब सेंटर के डॉक्टर संतोष दुबे ने बताया कि 2016 में हम उन्हें अंजना को रिहैब सेंटर लेकर आए। वहां उनकी देखरेख हुई और इलाज प्रारंभ हुआ। कुछ दिन पहले मकान पर कब्जे की शिकायत मिली, जिस पर थाने में प्रार्थना-पत्र दिया गया। इसके बाद बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। सीएम से मिले निर्देश के बाद तत्काल स्थानीय प्रशासन व पुलिस प्रशासन की टीम सक्रिय हुई और 24 घंटे के भीतर जांच कर उन्हें कब्जा दिलाया।

# अजीत ने जेल देखने के लिए युवती की गर्दन पर रखा था चाकू

## पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने सेल में खरीदारी के दौरान युवती को चाकू के दम पर बंधक बनाने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस पूछताछ में युवक का कहना था कि वह पूरा देश घूम चुका, सब कुछ देख चुका है, अब उसे जेल देखना बाकी है। युवक ग्रेजुएट है, तथा नोएडा में एक बेकरी में काम करता है। पुलिस को जांच में पता चला है कि उसका कोई अपराधिक रिकार्ड नहीं है। उल्लेखनीय है कि एक बाराबंकी निवासी युवक अजीत ने 31 दिसम्बर 2025 की शाम रेलवे स्टेशन रोड स्थित सेल में पहुंचकर वहां खरीदारी कर रही आदर्शनगर की एक युवती को बंधक बनाकर उसकी गर्दन पर चाकू रख दिया था। जिससे मौके पर मौजूद लोग दहशत में आ गये थे, बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती को छुड़ाया था।



पुलिस टीम के साथ पकड़ा गया आरोपी।

इस मामले में थाने पर एक व्यक्ति ने तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री व भतीजी एवं एक अन्य लड़की घर से कपड़े खरीदने के लिए कृष्णा टॉकिज की गली एसबीआई बैंक के पास छाबड़ा मार्केट में गई थी। दुकान पर कपड़े खरीदने के दौरान वहां एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी भतीजी को जान से मारने की नीयत से उस पर चाकू से वार कर दिया जिससे उसकी भतीजी घायल हो गई। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को अपना नाम अजीत सिंह पुत्र बाल गोविंद सिंह निवासी ग्राम सुरजनपुर थाना मौहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी बताया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

## सेवा केंद्र पर नववर्ष समारोह धूमधाम से मनाया गया



नजीबाबाद (चिंगारी)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, नजीबाबाद के स्थानीय रमेशनगर सेवा केंद्र पर नववर्ष समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर रुड़की सेवा केंद्र से राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी गीता दीदी, नजीबाबाद आकाशवाणी में सेवारत श्रीमती ज्योति बहन, बीके विकसित, बीके दीपिका बहन, राशि बहन, राधा बहन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी ने अपने सुविचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार से नव वर्ष का शुभारंभ करें। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने बताया कि आने वाले नव वर्ष में हम अपने संस्कारों को नया बनाने के लिए कारण शब्द को निवारण में परिवर्तन कर स्व-परिवर्तन से संसार परिवर्तन कर नववर्ष के साथ नवयुग का शुभारंभ करें। कुमारी भव्या व कुमारी प्रेरणा ने नृत्य के माध्यम से अतिथियों का स्वागत कर नव वर्ष का आगमन किया। अतिथियों को ईश्वरीय सौगात व प्रसाद देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सभी भाई-बहन उपस्थित रहे।

## डीएफओ ऑफिस पर किसानों का धरना प्रदर्शन जारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत का वन विभाग डीएफओ ऑफिस नजीबाबाद पर चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा, जिसकी अध्यक्षता महेंद्र सिंह एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार ने किया। वन विभाग एसडीओ अंशुमन मित्तल, डिप्टी रेंजर राम मुसाफिर, रेजर राजगढ़ ने धरनारत किसानों से वार्ता की। मगर वार्ता विफल रही। धरना अनिश्चितकाल के लिए जारी रखने की बात कही गई। किसानों की नष्ट फसल का मुआवजा दिलाने, राजस्व भूलेख में दर्ज किसानों की जमीन दिलाने, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लिये जाने आदि की मांगें की गई। धरने पर ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान, बिरेश राणा, मंडल उपाध्यक्ष शिव कुमार, जिला महासचिव नरदेव कुमार, पश्चिम प्रदेश सचिव दिनेश कुमार, सरदार संदीप सिंह भुल्लर, युवा मंडल उपाध्यक्ष मुकुल कुमार, रामेंद्र सिंह, सूरज सिंह, प्रमोद कुमार, योगेंद्र सिंह, सुखविंदर, सोनू, गिरिराज, रजत कुमार, देवेंद्र सिंह, मोनू, ज्ञान सिंह, बलराम सिंह, यूसुफ, शाहिद, शफीक आदि उपस्थित रहे।



अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे किसान।

## भीषण शीतलहर के बावजूद किसानों का धरना जारी

नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) संगठन द्वारा गंगा खादर क्षेत्र नांगल के किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना सर्दी में भी लगातार जारी है। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कुलबीर सिंह ने कहा कि गंगा खादर क्षेत्र में वन विभाग की भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से गन्ने की फसल खड़ी की गई है, जिसे तत्काल नीलाम किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि जिन किसानों के नाम खतौनी में दर्ज हैं, उन्हें उनकी फर्द के अनुसार भूमि उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने जिन लोगों का खतौनी में नाम दर्ज नहीं है अथवा जिनके पास वैध भूमि नहीं है, उन्हें वन विभाग की भूमि से कब्जा मुक्त कराने की मांग की। किसानों ने प्रशासन से समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की तथा मांग पूरी न होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी। धरने में ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कुलबीर सिंह के साथ विजय सिंह, नवीन राजपूत, पुनीत चौहान, मुनेंद्र सिंह, हिमांशु चौधरी, पवन कुमार, राजवीर काकरान, फुरकान, सफदर, अजीत सिंह, डॉक्टर अंसारी, प्रशांत चौधरी, अनमोल चौधरी, उज्जवल काकरान आदि किसान उपस्थित रहे।



## सर्दी ने सितम कर डाला, पाले से पड़ रहा पाला

बिजनौर। उत्तर भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से हो रही बर्फ़बारी ने लगता है पिछले तमाम रिकॉर्ड तोड़ने का फैसला कर लिया है। कुछ अर्सा पहले मौसम विभाग द्वारा करीब एक सप्ताह तक कड़ाके की सर्दी और पाला/कोहरा पड़ने की भविष्वाणी की थी, वक्त गुजरने के साथ-साथ यह भविष्यवाणी सच साबित हो रही है। तड़के में जब अधिकतर लोग नींद से जागते हैं और वे किसी काम से कमरों से बाहर निकलते हैं, तब उनका पाला सबसे पहले पाले से ही पड़ता है। साथ ही शीतलहर मानो उनके जिस्म के आर-पार निकल गई हो। शीतलहर का असर पशुओं पर भी पड़ता है, उनका दूध कम हो जाता है। कई-कई दिन तक सूर्यदेवता के दर्शन नहीं होते हैं, जिससे घरों में मैले कपड़ों के ढेर लग जाते हैं। जिन घरों में ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीनें हैं, उन घरों में यह समस्या सामने नहीं आती, लेकिन जहां या तो सादा वॉशिंग मशीने हैं, या फिर मशीन नहीं हैं, उन घरों में कपड़े धोने एक समस्या बन गया है। साथ ही आप लोगों जिनके घर गीजर नहीं है, उनके सामने रोज नहाना भी एक समस्या है। इन हालात में लोग यही दुआएं कर रहे हैं कि ऊपर वाला नीचे वालों पर रहम करे और कोहरेवारी के दिन निश्चित करे।

## करता हुआ सड़क पार, दिखाई दिया गुलदार

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम राहतपुर में बीती रात्रि गुलदार के दिखाई देने से गांव में दहशत का माहौल है। राहतपुर में रात्रि में एक गुलदार सड़क पार करते हुए दिखाई दिया। सड़क पार करते समय गुलदार की वीडियो कैमरे में कैद हो गई। गुलदार की सड़क पार करते समय बनाई गई वीडियो वायरल होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गुलदार के देखे जाने से राहतपुर व आसपास के गांव में भी दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़ने के लिए

सड़क पार करता कैमरे में कैद हुआ गुलदार।



# दो दुकानों में कुम्बल लगाया, हजारों का सामान उड़ाया

## दो दुकानों में कुम्बल काटकर हजारों की नकदी व सामान चोरी




**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र में चोरों ने एक साथ दो स्थानों पर कुम्बल काट कर गल्ले में रखी लगभग 60 हजार रुपए की नकदी व सामान चोरी कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। चोरों ने रात्रि में थाना क्षेत्र के हरिद्वार बाईपास पर न्यायालय के निकट दो जगह चोरी की घटना को अंजाम दिया। लक्ष्मी एंटर प्राइजेज के स्वामी अर्पित मेहरा ने बताया कि जब वह प्रतिदिन की तरह सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो पीछे से दीवार में कुम्बल कटा हुआ मिला तथा गल्ले में रखे लगभग 60 हजार रुपए गायब थे। चोरों ने इसी रात शीराज के फर्नीचर के कारखाने में पीछे खाली पड़े स्थान से कुम्बल काटकर वहां से हजारों रूपए का सामान चोरी कर लिया। चोरों ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ने का प्रयास किया। पीड़ित दुकानदारों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घटना स्थल का दौरा कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ब्लॉक कार्यालय पर नवनिर्मित मुख्य द्वार व विदुर कैफे का उद्घाटन



**हल्दौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर, वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी व ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह ने आज दोपहर ब्लॉक कार्यालय पर नवनिर्मित मुख्य द्वार व विदुर कैफे का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह व बीडीओ/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुनाल रस्तोगी के अथक प्रयासों और लगन से ब्लॉक कार्यालय पर शानदार मुख्य द्वार बनाया गया हैं। इसके साथ ही कार्यालय परिसर में अंबेडकर स्वयं सहायता समूह निजामत गंज के द्वारा विदुर कैफे स्थापित कराया गया हैं। जिसका आज दोपहर करीब 1:00 बजे जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर, वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी व ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह के द्वारा नारियल फोड़कर और फीता काटकर विधिवत लोकार्पण तथा शुभारंभ किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह, बीडीओ/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी, डीटीओ डॉ अजीत कुमार, एडीओ आईएसबी अजय पाल, एडीओ पंचायत सुशील कुमार, एडीओ एसटी अरेंद्र कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुभाष कुमार बबलू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमर सिंह पम्मी, डीएमसी कविता राठी, राहुल चौधरी, परमेंद्र सिंह, मनोज कुमार, मोहित कुमार, अरविंद कुमार, शरद चौधरी, जेई दिव्यांशी, नरेश कुमार, सुधीर कुमार, रविंद्र सिसोदिया, नईम अहमद, संजीव कुमार, नगमा परवीन, संजय कुमार, विकास यादव, जेई सीपी सिंह आदि उपस्थित रहें।

# आतंक फैलाओगे तो भारत चुप नहीं बैठेगा, हमें आत्मरक्षा का पूरा हक



**चेन्नई ( एजेंसी/चिंगारी )।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को आतंकवाद बढ़ावा देने वाला खराब पड़ोसी बताया है और कहा है कि भारत को अपनी सुरक्षा के लिए पूरा अधिकार है। आईआईटी मद्रास में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगा और आतंकवाद से निपटने के तरीके पर किसी बाहरी दबाव या सलाह को स्वीकार नहीं करेगा।

विदेश मंत्री ने कहा कि जब कोई पड़ोसी देश लगातार आतंकवाद को बढ़ावा देता है तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा हक है। हम जो जरूरी होगा, वही करेंगे। आप हमसे ये उम्मीद नहीं कर सकते कि हम आपके साथ पानी साझा करें और आप हमारे देश में आतंकवाद फैलाते रहें।

विदेश मंत्री ने साफ कहा कि आतंकवाद पर भारत की प्रतिक्रिया क्या होगी, ये फैसला सिर्फ भारत करेगा। उन्होने आगे कहा कि हम अपने अधिकार का इस्तेमाल कैसे करेंगे, ये हमारा फैसला है। कोई हमें ये नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए या क्या नहीं। अपनी सुरक्षा के लिए जो जरूरी होगा, हम करेंगे। पाकिस्तान का नाम लिए बिना एस। जयशंकर ने कहा कि कई देशों को

### जयशंकर का PAK पर तीखा हमला

मुश्किल पड़ोसियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन भारत की स्थिति इसलिए ज्यादा गंभीर है क्योंकि आतंकवाद को वहां राज्य की नीति की तरह इस्तेमाल किया गया है। अगर कोई देश जानबूझकर और लगातार आतंकवाद को बढ़ावा देता है तो हमारे पास अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है और हम उस अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद को पानी के बंटवारे जैसे समझौतों से भी जोड़ा। जयशंकर ने कहा कि भारत ने दशकों पहले पानी साझा करने का समझौता किया था लेकिन ऐसे समझौते अच्छे पड़ोसी संबंधों पर टिके होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर दशकों तक आतंकवाद चलता रहा, तो अच्छे पड़ोसी वाले रिश्ते नहीं रह सकते।

# सपा ने नए साल पर मनाया बाटी-चोखा सहभोज, लड्डू लेकर पहुंचे बुजुर्ग

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नए वर्ष के पहले दिन पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं, विधायकों, पत्रकारों तथा विभिन्न समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं। अखिलेश यादव ने इस अवसर पर कहा कि नया वर्ष संकल्प का समय है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, डॉ. लोहिया और नेताजी मुलायम सिंह यादव के बताए रास्ते पर चलते हुए समाज को खुशहाली की ओर ले जाना होगा। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को हटाना है क्योंकि भाजपा शासन में अन्याय, मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा कमजोर हो चुकी है और कमजोर होने पर वह साम्प्रदायिकता फैलाती है। भाजपा सरकार में कानून-व्यवस्था का हाल बिगड़ गया, साइबर क्राइम बढ़ा और डायल 100 व 1090 सेवाएं बर्बाद कर दी गईं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश में भूमाफियाओं को संरक्षण दे रही है, सरकारी जमीनों पर कब्जे हो रहे हैं और यहां तक कि अरावली पहाड़ तक को नहीं छोड़ा जा रहा। किसानों की समस्याओं पर बोलते हुए अखिलेश ने कहा कि खाद की किल्लत, कालाबाजारी और फसलों के उचित मूल्य न मिलना भाजपा की नीतियों की नाकामी है।




# जिलाधिकारी ने साप्ताहिक बाजार बंदी के दिन घोषित किये



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने उ.प्र. दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा-8 के साथ पठित नियमावली के नियम- 6 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनहित में जनपद बिजनौर के विभिन्न स्थानों के लिये साप्ताहिक बाजार बंदी के दिन घोषित किये हैं। बिजनौर शहर में समस्त दुकानें एवं वाणिज्य संस्थान बुधवार को तथा फोटो कॉपी करने वाली दुकानें रविवार को बंद रहेंगी। नगीना में समस्त दुकानें एवं वाणिज्य संस्थानों की साप्ताहिक बंदी सोमवार को तथा हैंडीक्राफ्ट उद्योग की शुक्रवार को होगी। इनके अलावा चांदपुर व नजीबाबाद में समस्त दुकानें एवं वाणिज्य संस्थान बृहस्पतिवार को, धामपुर में बुधवार को, किरतपुर, मंडावर, स्योहारा, बढ़ापुर व अफजलगढ़ में शुक्रवार को, झालू, हल्दौर, साहनपुर, शेरकोट एवं नूरपुर में सोमवार को, नहटौर व सहसपुर में मंगलवार को साप्ताहिक बंदी रहेगी।

# करता था गौमांस का कारोबार पुलिस ने कर लिया गिरफ्तार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने गौमांस बेचने के एक आरोपी को गिरफ्तार करके उसका चालान कर दिया। तीन दिन पूर्व क्षेत्र के गांव जाफ़राबाद कुरई के जंगल में हुई गौवध की घटना में पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए गौवध के दो आरोपियों फैजान, मोहम्मद अली व टैम्पू चालक बिलाल को जेल भेज चुकी है। गौवध के आरोपियों ने पुलिस को बताया था कि वह गौवध कर उक्त युवक को मांस बेचते थे। बृहस्पतिवार को पुलिस ने गौमांस बेचने के आरोपी मुनासिर उर्फ भूरा निवासी मोहल्ला मोहम्मद नगर को गिरफ़्तार करके उसका चालान कर दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने आरोपी के चालान की पुष्टि की है।




## पुरस्कार वितरण के साथ, खेलकूद प्रतियोगिताएं समाप्त

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का गुरूवार को समापन हो गया है। प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। समापन दिवस की प्रतियोगिताओं के अंतर्गत प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी रिले रेस में व्यास सदन, वशिष्ठ सदन व नारायण सदन के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग बालिका एवं बालक दौड़ में व्यास सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में अंश रावत और बालिका वर्ग में दिव्यांशी रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेक रेस में माही और नैतिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं जूनियर वर्ग के पिट्ठू में कक्षा आठवीं ने एवं प्राइमरी में कक्षा पांचवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवींद्र गुसांई ने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा खेलों के माध्यम से अनुशासन, सहयोग एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पर प्रकाश डाला। अंत में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सिताबपुर में खुला पूर्व सैनिक संघर्ष समिति कार्यालय

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नववर्ष पर पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए सिताबपुर में कार्यालय खोल लिया है। गुरूवार को कार्यालय का आरंभ करते हुए समिति अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह रावत ने कहा कि कार्यालय के माध्यम से पूर्व सैनिक अपने पेंशन, मेडिकल सुविधाओं, शिक्षा और अन्य संबंधित मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकेंगे। मौके पर उन्होंने पूर्व सैनिकों से कार्यालय में मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर गोपाल सिंह नेगी, मदन सिंह नेगी, देवेंद्र सिंह बिष्ट, ठाकुर सिंह, चंदन सिंह, जीत सिंह भंडारी, अनसूया प्रसाद गोस्वामी, मेहरबान सिंह चौहान, ताज़बार सिंह नेगी और मोहन सिंह सहित अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## विद्यालय के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि होंगे कैबिनेट मंत्री

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम शेखपुरा स्थित माया देवी पंडित कन्या इंटर कॉलेज व सुरेश चंद्र शर्मा पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साहित्य विहार निवासी डॉ. मोहित शर्मा ने बताया कि 4 जनवरी को मंत्री जी के आगमन पर उनके साहित्य विहार स्थित निवास पर स्वागत कार्यक्रम के पश्चात मंत्री जी विद्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे। राजीव शर्मा दानी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अपनी पंचायत में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अनेक ग्राम प्रधानों को मंत्री जी व विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यालय की अनेक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों, छात्र व छात्राओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा। वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को भी मंत्री जी विशेष रूप से सम्मानित करेंगे। विद्यालय में वार्षिक समारोह की तैयारिया काफ़ी जोर-शोर से चल रही है।

चिंगारी
के लिये नहटौर में समाचार और विज्ञापन के लिये संपर्क करें।
मोहित शर्मा
संवाददाता, मोबाइल नम्बर-
9012967455

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरे पुत्रगण नासिर व नाजिम जो मेरे व मेरी पत्नी रहमत और मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिये मैं और मेरे पत्नी व मेरे परिवार वाले मेरे दोनों पुत्रों से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह दोनों किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। - **नफीस अहमद पुत्र कलीमुल्लाह, निवासी मकान नं. 12, मौहल्ला मिर्दगान, थाना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## नववर्ष पर हुआ अभिभावकों और अध्यापकों का मिलन



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम अगवानपुर स्थित मीरी पीरी खालसा एकेडमी में नववर्ष के अवसर पर स्कूल परिवार की ओर से अभिभावकों व अध्यापकों ने बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनके अनुशासन, संस्कार व मेहनत जैसे बिंदुओं पर विचार विमर्श कर एक अनूठी मिसाल पेश की। स्कूल के प्रधानाचार्य मनप्रीत सिंह संधू के कुशल नेतृत्व में नववर्ष पर नई सोच, नये लक्ष्य व नई ऊर्जा पैदा करने के उद्देश्य से स्कूल परिसर में स्कूली बच्चों के अभिभावकों व स्कूल के अध्यापकों के बीच शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के अनुशासन, मेहनत व संस्कार सहित अन्य समाजी विंदुओं पर गहन मंथन किया।

## कंदला में हुई खेलकूद प्रतियोगिता



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** महात्मा ज्योतिबाफूले ट्रस्ट तत्वावधान में हुई खेल प्रतियोगिता में मेधावियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। क्षेत्र के गांव आराजी कंदला में हुई खेलकूद प्रतियोगिताओं में 800 मीटर की दौड़ में बादल ने पहला, डिम्पल ने दूसरा तथा कपिल ने तीसरा मुकाम हासिल किया, जबकि 1600 मीटर दौड़ में बादल ने पहला, मयंक चौहान ने दूसरा तथा विशाल कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र के युवक युवतियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुकाम हासिल करने वाले युवक युवतियों को खेलकूद प्रतियोगिता आयोजकों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिषेक सैनी, लोकेश सैनी, डा. प्रवीण सिंह, कामरेड फूल सिंह सैनी, राहुल सैनी, अजय कुमार, जयपाल सिंह, रुपचंद सैनी आदि मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

## जा रहे नये साल का जश्न मनाने, अचानक गली में भालू आ गया सामने

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** दिन छिपे नए साल का जश्न मनाने जा रहे दो युवकों का अचानक खड़कमाफ स्थित दिल्ली फॉर्म गांव की गली में भालू से सामना हो गया। भालू को देखकर दोनों युवक घबरा गए। दोनों ने तेजी से दौड़कर अपनी जान बचाने की कोशिश की, तो भालू ने भी उनका पीछा किया। तभी गली में बैठे कुत्ते भौंकने लगे, जिससे भालू वहीं पर वापस चला गया। भालू के आए दिन आने से ग्रामीण क्षेत्र में काफी डर का भय बना हुआ है। वह कई दिनों से ग्रामीण क्षेत्र में घूम रहा है। वन विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। बीते 3 दिन से गंगा सोगनदी के सेट जंगल क्षेत्र में भालू को सक्रिय रूप से रात के समय में ग्रामीण क्षेत्र की गलियों में घूमता देखा जा रहा है। हालांकि भालू ने अभी किसी भी व्यक्ति पर हमला नहीं किया है, परंतु ग्रामीण भालू की दहशत से घबराए हुए हैं। अपने बच्चों के घर से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में रात के समय सड़कों पर चल रहे भालू को लगातार गांव की आबादी क्षेत्र में देखा जा रहा है। लोगों में दहशत फैली है। इसकी शिकायत वन विभाग से कर दी गई है। वन विभाग की टीम भालू को पकड़ने में जुट गई है।

## पुलकित हॉस्पिटल में मनाया गया नववर्ष

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल में पहली जनवरी को आंग्ल नववर्ष मनाया गया, जिसमें एम.डी. श्रीमती सविता मित्तल एवं चेयरमैन डा. हरीश मित्तल के द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में श्री मृत्युंजय महादेव मंदिर में रूद्राभिषेक एवं रूद्रागणों का पूजन करके विश्व कल्याण के लिये प्रार्थना की। समस्त स्टाफ ने भी धूमधाम से नवर्ष मनाया।



# नगरपालिका कर्मचारियों को सर्दी से बचाने के लिये गर्म जैकेट वितरित की

**नूरपुर ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को सर्दी के मौसम में नगरपालिका कर्मचारियों को वूलन जैकिट वितरित की गईं। नगरपालिका चेयरमैन डॉ. महेन्द्र सिंह ने कर्मचारियों को जैकिट वितरित करते हुए कहा कि यह कर्मचारियों के स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए है। ताकि वह कड़ाके की ठंड में भी बगैर किसी परेशानी के अपना काम कर सकें। जिनकी देखभाल करना नगरपालिका की जिम्मेदारी है। इससे कर्मचारियों में खुशी और काम करने का उत्साह बढ़ेगा। डा. एमपी सिंह ने कहा कि हमारे कर्मचारी नगरपालिका की रीढ़ हैं। इन्हें कड़ाके की ठंड में सुरक्षित व स्वस्थ रखना हमारी प्राथमिकता है। यह जैकिट उन्हें ठंड से बचाएगी ओर इनका मनोबल बढ़ाएगी। इस अवसर पर सभासदपति शेख नफ़ीस अहमद, रविन्द्र भंडारी आदि उपस्थित रहे।


कर्मचारियों को जैकिट वितरण करते डा. एमपी सिंह।

# ट्रक का टायर फटने से बाइक टकराई, तीन युवकों के चोट आई

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** कोतवाली–बिजनौर मार्ग पर ग्राम महेश्वरी जट की ओर से आ रहा ट्रक ग्राम बनवारी के पास पहुंचा। उसी समय कोतवाली की ओर से ग्राम महेश्वरी जट जा रही मोटर साइकिल के चालक द्वारा अपने आगे चल रही कार को ओवरटेक किया गया। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक का टायर अचानक फट जाने से ट्रक अनियंत्रित हो गया, जिससे मोटर साइकिल, ट्रक से टकरा गई। उक्त दुर्घटना में मोटर साइकिल पर सवार तीन युवक मयंक, फरहान, शानिब निवासीगण ग्राम महेश्वरी जट घायल हो गए। दुर्घटना में फरहान एवं मयंक गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि शानिब को भी चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु पी.एच.सी. कोतवाली देहात भिजवाया गया, जहां से उन्हें अग्रिम उपचार हेतु जिला अस्पताल बिजनौर रैफर कर दिया गया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को किया गिरफ्तार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने जानलेवा हमले के वांछित आरोपी अमन को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। गत 23 दिसम्बर को कस्बे के मोहल्ला रविदासनगर निवासी छात्र रमनदीप सिंह व उसके दो साथियों गुरप्रीत व इसमन सिंह पर मुन्ना ने अपने साथियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में सिख युवक रमनदीप सिंह को गम्भीर चोट आई थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कार्यवाही करते हुए पूर्व में चार आरोपियों को जेल भेज चुकी है। जबकि एक आरोपी फ़रार चल रहा था। बृहस्पतिवार को पुलिस ने घटना के एक वांछित आरोपी अमन पुत्र खुर्शीद निवासी मोहल्ला इस्लामनगर को गिरफ्तार करके उसका चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने युवक के चालान की पुष्टि की है।

# शिक्षकों की समस्याओं के समाधान की मांग



**चांदपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री सुधीर अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह के नेतृत्व शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर जयकरण यादव से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं देने के साथ ही जनपद के शिक्षकों की समस्याओं के विषय में चर्चा करते हुए समय से शिक्षकों के एनपीएस अकाउंट में एनपीएस अंश न आने पर खेद प्रकट किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को सभी समस्याओं का शीघ्र ही निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने यह भी बताया कि एनपीएस को नवंबर 2025 तक अपडेट कर दिया गया है। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष हरज्ञान सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो. नसरुद्दीन सिद्दीकी तथा जितेंद्र कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# युवती से गलत काम करने वाला युवक जेल गया

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के उमरी पीर निवासी अरशद पुत्र रईस को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसे जेल रवाना कर दिया। एक युवती ने शादी का झांसा देकर गलत काम करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ था।

चिंगारी
हल्दौर में समाचार एवं विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें–
मौहम्मद इरशाद मलिक
संवाददाता
7017636765, 9927500713

# सेवानिवृत्ति पर भावूर्ण विदाई दी



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** थाना परिसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जलीलपुर कंपनी 12 के होमगार्ड जवान धर्मपाल सिंह को सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा जय भगवान सिंह ने उन्हें फूलमाला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी के प्रति निष्ठा और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद जैसे ही वह शुदनीपुर रावटी गांव स्थित अपने आवास पर पहुंचे तो वहां पुलिस अधिकारी सहकर्मी परिजनों तथा ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर हेड कांस्टेबल मोनू वर्मा, कांस्टेबल रविंद्र सिंह तथा सहकर्मी होमगार्ड अमित चौधरी, महेंद्र सिंह, सत्यवीर, मुन्नू सिंह के अलावा पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. धर्मसिंह पाल आदि संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# नववर्ष पर वृद्धों की सेवा की

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** यहां स्थित प्राचीन शिव मंदिर के अध्यक्ष राहुल शर्मा ने परिवार के साथ वृद्ध आश्रम पहुंचकर वहां निवास कर रहे बुजुर्गों की सेवा करते हुए उन्हें खाने–पीने की आवश्यक वास्तु उपलब्ध कराई। जानकारी के अनुसार राहुल शर्मा (जीएम) बृहस्पतिवार को परिवार सहित हापुड़ के एक वृद्ध आश्रम पहुंचे और उन्होंने वहां रह रहे बुजुर्गों के लिए भोजन के साथ ही ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए लगभग 60 बुजुर्गों को गर्म पानी की बोतलें वितरित कीं, जिससे उन्हें इस भीषण ठंड से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने परिवार सहित बुजुर्गों के साथ समय बिताया और उनका हालचाल जाना और अपनत्व भरे शब्दों से उन्हें सम्मान देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके साथ उनकी पत्नी गीतांजलि शर्मा व पुत्र ऋषित शर्मा मौजूद रहे।


गीतांजलि शर्मा को आशीर्वाद देती वृद्ध आश्रम में मौजूद बुजुर्ग महिला।

# भाकियू टिकैत ने संगठन का किया विस्तार

## ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाये गये मोहित चौहान

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने संगठन का विस्तार करते हुए मोहित चौहान को ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। बृहस्पतिवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी अमरपाल सिंह ने संगठन का विस्तार करते हुए ब्लॉक क्षेत्र के गांव आराजी भैंसा निवासी मोहित चौहान को संगठन का ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनीत करते हुए कपिल चौहान, सोमेन्द्र शर्मा, योगेश शर्मा, महेश चौहान, नन्दकिशोर चौहान, घनश्याम चौहान, मोंटू चौहान, राजीव चौहान, धर्मेन्द्र पाल, उज्जवल चौहान समेत दर्जनों लोगों को टोपी, गमछा पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर चौधरी अमरपाल चौधरी ने आगामी 16 जनवरी से 18 जनवरी तक प्रयागराज में आयोजित होने वाले चिंतन शिवलिंग में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री अशोक धनकड़, जिला सचिव मास्टर देवेंद्र सिंह, मोनू चौधरी, भोपाल सिंह, नरेश सिंह, मुनीराम सिंह, दिग्विजय सिंह आदि मौजूद रहे।


भाकियू टिकैत ने संगठन का विस्तार किया।

# दमयंती देवी संस्थान एवं वैश्य महासम्मेलन महिला प्रकोष्ठ ने मनाया अपना फाउंडेशन डे

**धामपुर ( चिंगारी )।** दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान महिला प्रकोष्ठ धामपुर एवं अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन महिला प्रकोष्ठ का फाउंडेशन डे समारोह संयुक्त रूप से कालागढ़ रोड धामपुर पर दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के प्रधान कार्यालय पर मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सुमन त्यागी पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा तथा श्रीमती रश्मि शर्मा रावल प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा भाजपा रही। कार्यक्रम की थीम 'देश भक्ति भारत की विविधता में एकता एवं कैंसर अवेयरनेस' रही।

समारोह का शुभारंभ भगवान गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में धामपुर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सुंदर वेलकम डांस, सरस्वती वंदना एवं एनसीसी कैडेट एक्ट प्रस्तुत किया। सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर



कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी।

नाटिका प्रस्तुत की। संस्था के बच्चों ने विभिन्न प्रदेशों के नृत्य पर सुंदर प्रस्तुतीकरण दिया। बच्चेदानी के मुंह के कैंसर अर्थात सर्वाइकल कैंसर की अवेयरनेस के लिए डॉ. राजेंद्र चौधरी के निर्देशन में श्रीमती शुचि शर्मा द्वारा लिखित और डॉक्टर मोनिका अग्रवाल द्वारा एक मार्मिक नाटक का संस्था की वरिष्ठ महिला सदस्यों द्वारा ही मंचन किया गया।

दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान महिला प्रकोष्ठ की ओर से श्रीमती ऐश्वर्या चौधरी, मनमीत कौर, सरस्वती कौशिक, सुनीता नंदा, ऋचा अग्रवाल, श्वेता मित्तल, नवनीत कौर, रेनू भारद्वाज, श्वेता मल्होत्रा, शिखा सिंह, सूची शर्मा, अर्चना गोयल, पूनम, उपासना, अदिति गुप्ता, पूनम मेहरा, सोनी भारद्वाज एवं अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन महिला प्रकोष्ठ की ओर से प्रभा गुप्ता, मंजू जैन, कविता मित्तल, निधि गुप्ता, नीलम अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, श्रुति जैन, नेहा गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, सुषमा गोयल, शिवानी, सचिन अग्रवाल, पुष्पा माहेश्वरी, प्रतिभा गुप्ता, रचना गुप्ता, छवि जैन, अनू गुप्ता, श्वेता गोयल, प्रिया अग्रवाल, ऋचा गुप्ता, अनीता मित्तल, करिश्मा सक्सेना, तान्या अग्रवाल, मोहिनी रस्तोगी, प्रिया गर्ग, पूजा अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

सभी सहभागियों को पुरस्कार भेट किये गये कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शुचि शर्मा, श्रीमती शिवानी अग्रवाल, श्रीमती नेहा गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## विद्युत की रोस्टिंग का समय बदला

**धामपुर ( चिंगारी )।** विद्युत वितरण खंड धामपुर प्रथम के अधिशासी अभियंता संजीव पटेल ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं को बताया कि एक जनवरी से सप्लाई का रोस्टिंग टाइम बदल गया है। प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि अब सुबह 8 से साढ़े 9 बजे तक तथा दोपहर में 12.45 से 13.45 तक रोस्टिंग टाइम रहेगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि वह इसी रोस्टिंग के अनुसार अपना टाइम टेबल बना ले।

## सनातन सुरक्षा विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन



**धामपुर ( चिंगारी )।** फूल बाग कॉलोनी स्थित टीकम सिंह फौजी के आवास पर सनातन सुरक्षा विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सनातन धर्म की रक्षा और समाज में जागरूकता बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। टीकम सिंह फौजी ने कहा कि सनातन धर्म की सुरक्षा के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण से जुड़े कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर चंगेई सभाओं को रोकने का प्रयास कर रहे हैं और सनातनी भाई-बहनों को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर रहे हैं। जागरूकता अभियान के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। गोष्ठी में धर्म जागरण के विभाग सह संयोजक संजय, डॉ. एन.पी. सिंह, गजराज सिंह, श्याम सिंह, सत्यवीर सिंह, डॉ. आर.के. सिंह, अखिलेश कुमार, अजय पाल सिंह, टेकचंद, यशपाल सिंह, अनिल अग्रवाल, मदन सिंह, महावीर सिंह, लवली सिंह, धर्मपाल सिंह, दिग्विजय सिंह, राजकुमार सिंह, योगेंद्र फौजी, विजयपाल सिंह, रोशन सिंह, सुधीर अग्रवाल, राम अवतार सिंह, राजेश कुमार, इच्छा सिंह, नरेश सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक समिति के अध्यक्ष जगदीश चौहान ने की तथा संचालन निगम सिंह फौजी ने किया।

## धोखाधड़ी कर एटीएम से 20 हजार निकाले

**धामपुर ( चिंगारी )।** कोतवाली धामपुर क्षेत्र में एटीएम के फ्रॉड का मामला सामने आने पर बैंक आफ इंडिया की कालागढ़ रोड शाखा की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है। पुलिस जांच में जुट गई है। बैंक मैनेजर के अनुसार 19 दिसंबर की दोपहर करीब 12.30 बजे स्टेट बैंक आफ इंडिया के आरएसएम कॉलेज के पास एटीएम पर कुछ अज्ञात लोगों ने एटीएम से पैसे निकासी के दौरान प्लेट नुमा डिवाइस लगाकर धोखाधड़ी की है। बैंक मैनेजर ने बताया कि, इस तरीके से तीन खाताधारकों के 28000 रुपए की राशि निकाली गई। जबकि, खाताधारकों को नगद धनराशि नहीं मिल पाई। जांच में पाया गया कि, उनके खातों में से रकम निकल चुकी थी। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध है। जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। स्टेट बैंक आफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक अंजुम सिद्दीकी की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई। कोतवाल मृदुल कुमार का कहना है कि, तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## नंदी की मूर्ति व शिवलिंग तोड़ने के आरोप में एक युवक हिरास्त में

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्योहारा मार्ग स्थित ग्राम सरकड़ा चकराजमल के शिव मंदिर में रात को नंदी की मूर्ति और शिवलिंग को खंडित करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने शराब के नशे में आधी रात के बाद मंदिर पहुंचकर तोड़फोड़ करने की वारदात को अंजाम दिया है। मालूम हो कि गुरुवार की सुबह को ग्रामीण पूजा-अर्चना करने के लिए मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने वहां पर तोड़फोड़ देखी। इसका पता लगने पर लोगों में रोष फैल गया। मामले की सूचना पुलिस दी। ग्रामीण दिनेश कुमार सैनी, सुभाष चौहान, कर्मवीर सिंह, शुभम कुमार, नरेन्द्र सिंह व हिरेंद्र सिंह आदि ने बताया कि बुधवार की देर रात किसी असामाजिक तत्व ने मंदिर में घुसकर नंदी महाराज की मूर्ति और शिवलिंग को खंडित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी का पता लगने का प्रयास किया। गांव वालों के सहयोग से मंदिर में खंडित मूर्तियों के स्थान पर दूसरी मूर्तियों को लाकर स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडेय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है। आरोपी विदित राजपूत गांव का ही रहने वाला है, जो पहले भी जेल जा चुका है।

## कॉल कर जान से मारने की धमकी दी

**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव मौज्जमपुर जैतरा निवासी एक युवक को वाट्सएप काल के जरिए एक व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी। साथ ही झूठे मुकदमे में फंसाने की बात भी कही। युवक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मौज्जमपुर जैतरा निवासी हेमंत कुमार पुत्र गंगाराम सिंह मूल रूप से थाना स्योहारा के गांव बगवाड़ा निवासी हैं। हेमंत कुमार ने बताया कि स्योहारा निवासी एक व्यक्ति ने वाट्सएप पर धामपुर विधानसभा-20 के नाम से ग्रुप बना रखा है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति अपने वाट्सएप ग्रुप पर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों पर गलत टिप्पणी करता है। वह श्री-व्हीलर भी चलाता है, पिछले माह दिसंबर में उसका अपनी पत्नी से विवाद हो गया था। जिसमें हेमंत कुमार ने हस्तक्षेप करके समझौता करा दिया था। हेमंत का आरोप है कि विवाद में समझौता कराने को लेकर उक्त व्यक्ति उससे रंजिश रखता है। उसने 31 दिसंबर की देर शाम सात बजे वाट्सएप काल करके जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। गुरुवार को हेमंत ने सीओ कार्यालय में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। सीओ अभय कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## लखपति दीदी नव वर्ष कैलेंडर का लोकार्पण



**नैनीताल ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना के अंतर्गत लखपति दीदी नववर्ष कैलेंडर-2026 का लोकार्पण जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा कैंप कार्यालय, हल्द्वानी में किया गया। यह कैलेंडर जनपद की लखपति दीदियों द्वारा संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का प्रेरणादायी संकलन है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करना है।

कैलेंडर लोकार्पण के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा लखपति दीदियों से संवाद किया गया तथा उनकी आजीविका गतिविधियों, उत्पादन कार्यों एवं आय से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि लखपति दीदी योजना ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की एक सशक्त मिसाल है, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए समाज में नई पहचान दिला रही है।

लखपति दीदी नववर्ष कैलेंडर-2026 में महिलाओं द्वारा किए जा रहे बेकरी कार्य, सिल्क कोकून उत्पादन, रिंगाल से टोकरी निर्माण, कैंडल निर्माण, वूलन टॉयज, स्मृति चिन्ह (सुवेनियर) सहित अन्य स्वरोजगार गतिविधियों को दर्शाया गया है। कार्यक्रम में अपर परियोजना निदेशक, डीटीई, बीएमएम हल्द्वानी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# त्रिदिवसीय रोटरी स्वर्ण जयंती नव वर्ष मेले का समापन

## एकल लोकनृत्य प्रतियोगिता हुई, मिस कोटद्वार की विजेता रही आशा




**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय रोटरी स्वर्ण जयन्ती नव वर्ष मेला सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एकल लोकनृत्य प्रतियोगिता व मिस कोटद्वार का फाइनल चरण आयोजित किया गया। विजय गार्डन, सर्कस ग्राउण्ड देवी रोड कोटद्वार में आयोजित इस मेले का समापन नगर निगम महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक, कलात्मक व शैक्षणिक प्रतियोगिताएं बच्चों के अन्दर प्रतिस्पर्धात्मक भावना जागृत पैदा करती है। रोटरी क्लब कोटद्वार के अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने अतिथिओं का स्वागत किया। मेला का संचालन सचिव विजय कुमार ने किया। एकल लोकनृत्य प्रतियोगिता के प्राइमरी वर्ग में प्रथम, आरूष पाल द्वितीय, अविका गुसाईं तृतीय, ऐश्वर्या सांत्वना में हिमानी, स्वर्गिनी व पावनी अग्रवाल, जूनियर वर्ग में प्रथम अवनी रावत, द्वितीय आर्वी नेगी, तृतीय अनन्या शर्मा, सांत्वना में अभिज्ञा नेगी व खुशी काला, सीनियर वर्ग में प्रथम राधिका नेगी, द्वितीय-अन्या अग्रवाल व अशिंका रावत, तृतीय-पलक नेगी सांत्वना में अन्विक्षा व दीपिका, ओपन वर्ग में प्रथम शिवम पटवाल, द्वितीय मोहना रावत, तृतीय सोफिया, सांत्वना सृष्टि व दिया रावत रहे। संयोजक शरतचन्द गुप्ता रहे। मिस कोटद्वार फाइनल में प्रथम आशी, द्वितीय दीक्षा सैनी, तृतीय मीमांसा रहीं। प्रतियोगिता संयोजक अनीत चावला रहे। मेले की समाप्ति पर लक्की ड्रा निकाला गया। मेले का आयोजन साक्षरता, पल्स पोलियो, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण, आक्सीजन बैंक इत्यादि हेतु विगत 50 वर्षो से किया जाता है। मेले में विभिन्न मनोरंजन स्टाल, खान-पान के स्टाल व कम्पनियों के स्टाल लगाये गए।

इस अवसर पर अध्यक्ष ऋषि ऐरन, सचिव विजय कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश अग्रवाल, मेला संयोजक अभय रावत, उपाध्यक्ष डीपी सिंह, उपसचिव बीना रावत, अनीत चावला, सचिन गोयल, वाईपी गिलरा, विपिन बख्शी, विजय कुमार माहेश्वरी, गोपाल बसंल, अमित अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, दिनेश चन्द्र, नरेन्द्र गोयल, अनुराग अग्रवाल, दिनेश रस्तौगी, संजीव अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, कमल गुप्ता, अनिल कुमार भोला, शरतचन्द गुप्ता, प्रवीण गोयल, सन्देश अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल, दीपक भाटिया, धीरजधर बछवाण, गुरबचन सिंह, ज्योति स्वरूप उपाध्याय, प्रतिभा गुप्ता, भुवनेश कुंज, डॉ. विजयक मैठानी, राजेश गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, सन्देश अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, उंमग अग्रवाल, नरेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## जीआईसी मठाली में हुआ 'अफसर-बिटिया' कार्यक्रम

### बालिकाओं की अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बाल विकास परियोजना जयहरीखाल की ओर से ब्लाक के राजकीय इंटर कॉलेज मठाली में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत बुधवार को 'अफ़सर बिटिया' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरुक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ किया गया।

कार्यक्रम में सीडीपीओ डॉ. महबूब खान द्वारा बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं, बाल विवाह रोकथाम एवं घरेलू हिंसा से संबंधित जानकारी दी गई। पुलिस विभाग द्वारा साइबर अपराध, बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों से बचाव, संबंधित कानूनों एवं हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी साझा की गई। स्वास्थ्य विभाग ने बालिका स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसे विषयों पर जागरुक किया, वहीं खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बालिका शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान बालिकाओं के लिए निबंध लेखन, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी एवं नुक्कड़ नाटक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में ज्येष्ठ प्रमुख सुरेन्द्र सिंह नेगी, खंड शिक्षा अधिकारी अमित चंद, प्रधानाचार्य दीपक गौड़, इंस्पेक्टर हरीश चंद्र, महिला मंगल दल, अभिभावक, शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 4 से 11 जनवरी तक होगा गढ़वाल कप फुटबाल टूर्नामेंट

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** स्व. शशिधर भट्ट स्मृति खेल संस्था की ओर से कोटद्वार स्थित राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में 4 से 11 जनवरी तक गढ़वाल कप फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में 12 टीमें प्रतिभाग करेंगी। इस संबंध में गुरूवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्था के अध्यक्ष अरुण भट्ट, आयोजक सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल चंद्रपाल पटवाल, अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, उपाध्यक्ष हरीश वर्मा आदि ने कहा कि पिछले वर्ष की प्रतियोगिता के दम पर 24 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भारतीय सेना में अपनी जगह बनाई है। प्रतियोगिता में 16वीं गढ़वाल राइफल्स, देहरादून सिटी, गढ़वाल हीरोज और कार्बेट एफसी सहित अन्य प्रतिष्ठित टीमें प्रतिभाग करेंगी। बताया कि संस्था की ओर से प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।



## नववर्ष पर सिद्धबली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नये साल के अवसर पर गुरुवार को कोटद्वार स्थित प्रसिद्ध सिद्धबली मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। साल के पहले दिन भगवान हनुमान के दर्शन के लिए सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। आम लोगों ने भगवान के दर्शन व पूजा अर्चना में भाग लेकर सभी की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। श्रद्धालुओं का मानना था कि नए साल की शुरुआत में भगवान के दर्शन करना शुभ माना जाता है, इसलिए वे हर साल सिद्धबली मंदिर आते हैं। वहीं भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर ही मौजूद रहे।

## सबसे तेज दौड़ने वाले बालक-बालिका पुरस्कृत

### न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लाक के शहीद लांस नायक रूप सिंह शौर्य चक्र पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बल्ली में बुधवार को न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया। खेल महाकुंभ का उद्घाटन दुगड्डा के ज्येष्ठ उप प्रमुख सुनील नेगी और विद्यालय के प्रधानाचार्य युगजीत चंद्र सेमवाल ने किया।

तत्पश्चात 60 मीटर रेस में सूरज, अभिनव व प्रियांशु व 200 मी. रेस में राहुल, असद अहमद व आरव ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 600 मी. रेस में अदित पहले, अंकिता दूसरे व मेघा तीसरे स्थान पर रही। अंडर 19 बालक वर्ग की 100 मी. रेस में हैप्पी सिंह ने पहला, अभिषेक ने दूसरा व हितेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 200 मी. रेस में हैप्पी सिंह, गणेश सिंह व रौनक क्रमश: पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की 100 मी. रेस में अम्बिका, दीपा व साक्षी व 200 मी. रेस में अम्बिका, मानसी व साक्षी पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि, पी.टी.ए. अध्यक्षा सुभा देवी, एस.एम.सी. अध्यक्षा सुषमा देवी व समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## मंदिर समिति की बैठक 4 जनवरी को

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री सिद्धबली मंदिर समिति की आवश्यक बैठक का आयोजन चार जनवरी को मंदिर परिसर में होगा। गुरूवार को यह जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष जेपी ध्यानी ने बताया कि मंदिर की वर्तमान समिति का कार्यकाल पूर्ण होने वाला है। बैठक में समिति की नवीन कार्यकारिणी के गठन को लेकर मंथन किया जायेगा। उन्होंने समिति के सभी पदाधिकारियों से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## युवक का अंगूठा काटने वाला गिरफ्तार



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** घर में घुसकर गाली गलौज मारपीट करने और धारदार हथियार से युवक का अंगूठा काटने के आरोपी आकाश कुमार पुत्र श्रीराम लाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी जगमोहन ने कोतवाली पौड़ी में शिकायत दर्ज कराई थी कि आकाश कुमार गत रात्रि को जबरन उनके घर के आंगन में घुस आया और उनके पिता जी से झगड़ा करने लगा। इसी बीच आकाश ने धारदार हथियार से उस पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उनके दाहिने हाथ का अंगूठा कट गया। उप निरीक्षक मेहराजुद्दीन ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी आकाश कुमार पुत्र श्रीरामलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रवीण रावत, अपर उप निरीक्षक संजय असवाल, कांस्टेबल अनिल बिजलवाल शामिल थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# अयोध्या में उमड़ा आस्था का सैलाब

## राममंदिर व हनुमान गढ़ी पर लगा भक्तों का तांता

**अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )। राम की नगरी अयोध्या में नव वर्ष के पहले दिन गुरुवार को रामलला और हनुमंत लला के दर्शन पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही राममंदिर और हनुमान गढ़ी पर भक्तों का तांता लगा हुआ है।**

लता चौक से निषाद राज चौराहा तक रामपथ पर सुबह से ही भक्तों का मजमा लगा हुआ है। जिसको देखते हुए जिला प्रशासन ने अयोध्या में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों को एक किमी पहले ही रोक दिया है और नगर की यातायात व्यवस्था को डाइवर्ट कर दिया गया है। नया घाट पुलिस कंट्रोल रूम से पुलिस प्रशासन यातायात, मंदिरों में प्रवेश करने वाले सभी मार्गों के साथ साथ सरयू के घाट और रामपथ की मॉनिटरिंग कर रहा है।

अयोध्या के क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि सरयू घाट से लेकर अयोध्या के मुख्य मंदिरों तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नववर्ष के कारण राममंदिर और हनुमान गढ़ी में दर्शन के लिए उमड़ पड़ी है। नागेश्वर नाथ और सरयू के घाटों पर भी श्रद्धालुओं की संख्या आम दिनों से अधिक है। हनुमान गढ़ी के पुजारी रमेश दास ने बताया कि अयोध्या में अब श्रद्धालुओं की अधिक संख्या आम बात है।

उन्होंने बताया कि मौसम पर आस्था भारी है। हर कोई प्रथम दिन की शुरुआत अपने आराध्य के दर्शन के साथ करना चाहता है।



बड़ी संख्या में साल के पहले दिन श्रद्धालु सरयू में स्नान करने के बाद मंदिरों में दर्शन पूजन कर रहे हैं। आज अयोध्या में पूजन अर्चन के लिए पहुंचे युवाओं में आस्था के प्रति काफी जोश है और जय श्रीराम के जयकारे से अयोध्या गूंज रही है।

होटल व्यवसायी बाल कृष्ण वैश्य ने बताया कि अब नए वर्ष पर लोग अयोध्या प्रभु श्रीराम का दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। पहले यही युवा अपने परिवार के साथ पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी का लुत्फ उठाता था आज वह वह अयोध्या आने का कार्यक्रम बनाता है। अयोध्या के होटल फुल हैं। सड़के फुल हैं। मंदिर फुल हैं। विपरीत मौसम भी अपने भगवान का दर्शन करने में बाधा नहीं है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, शेरकोट (बिजनौर)

## नगर पालिका परिषद शेरकोट, बिजनौर नगर के प्रबुद्ध एवं संभ्रान्त नागरिकों से अपील करती है-

1. स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अन्तर्गत पालिका का प्रथम स्थान प्राप्त किये जाने पर नगरवासियों का आभार।
2. यह नगर आपका है इसको स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।
3. कूड़ा-कचरा निश्चित स्थान अथवा कूड़ा गाड़ी में ही डाले तथा पालिका द्वारा कूड़ा उठा लेने पर उसी दिन पुनः कूड़ा न डालें।
4. जल है तो कल है, इसलिए जल का संचय कर आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित करें तथा गाड़ियों व अन्य सामग्री को धोने में पेयजल को व्यर्थ न करें।
5. पालिका के करों तथा अन्य देयों का समय से भुगतान करके अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।
6. यदि पथ-प्रकाश का कोई बिन्दु दिन में जलता दिखायी पड़े, तो उसकी सूचना कार्यालय नगर पालिका को अवश्य दें।
7. रोड पटरियों व नालियों पर अतिक्रमण न करें।
8. पर्यावरण को शुद्ध व सुन्दर बनाने हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगायें।
9. पॉलीथीन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है, इसलिए पॉलीथीन का प्रयोग बिलकुल न करें, पर्यावरण बचाने में सहायता करें।
10. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण निर्धारित अवधि 21 दिवस के अन्तर्गत अवश्य निर्गत करायें।
11. स्वच्छ भारत मिशन ( अर्बन ) के अन्तर्गत नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में आपका सहयोग अपेक्षित है।
12. ग्रीन सिटी, क्लीन सिटी के अन्तर्गत शहर को हरा-भरा एवं सुन्दर बनाये रखने हेतु शहर का प्रत्येक नागरिक वृक्षारोपण अवश्य करे।
13. खुले में शौच पूर्णतः प्रतिबंधित है। अपने-अपने घरों में शौचालय बनाना अवश्यक है।

**(कृष्ण मुरारी)**
अधिशासी अधिकारी
एवं समस्त कर्मचारीगण
नगर पालिका परिषद, शेरकोट

**(शबनम नाज)**
अध्यक्ष
एवं समस्त सभासदगण
नगर पालिका परिषद, शेरकोट




# बांग्लादेश : एक और हिंदू को जिंदा जलाने की कोशिश

## चाकुओं से गोदकर डाला पेट्रोल

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। वहां एक बार फिर नफरत ने जान लेने की कोशिश की। शरीयतपुर इलाके में खोकन चंद्र नाम के एक हिंदू शख्स को भीड़ ने घेर लिया। पहले बेरहमी से उसे पीटा गया। फिर चाकू से वार किया गया। इसके बाद पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश हुई। आखिरी पल में व्यापारी खोकन चंद्र ने पास के तालाब में छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। लेकिन यह हमला एक बार फिर बताता है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार किस हद तक पहुंच चुका है।

जानकारी के मुताबिक, ये क्रूर हमला बुधवार (31 दिसंबर) को रात करीब 9:00 बजे कनेश्वर यूनियन के तिलोई इलाके में हुआ। खोकोन चंद्र दास (40), परेश चंद्र दास के बेटे हैं। वे दामुद्या के केउरभंगा बाज़ार में एक फार्मेसी के मालिक हैं। खोकन चंद्र दास ने बुधवार रात अपनी दुकान बंद की और घर की ओर चल पड़े। जब वे तिलोई क्षेत्र पहुंचे, तो बदमाशों के एक समूह ने उन्हें रोक लिया। हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से वार किए और फिर उनके शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

आग की लपटों से अपनी जान बचाने के लिए खोकन चंद्रदास पास के एक तालाब में कूद गए। बाद में, स्थानीय लोगों ने उन्हें गंभीर हालत में बचाया और शरियतपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

इस घटना से इलाके में व्यापक दहशत फैल गई है। हमले के पीछे का मकसद और इसमें शामिल लोगों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

इससे पहले बांग्लादेश में 18 दिसंबर 2025 को दीपू चंद्रदास को भीड़ ने मार डाला था। फिर उसके शरीर को पेड़ से बांधकर जला दिया गया था। उस पर ईश निंदा का आरोप लगाया गया था। इसके बाद 25 दिसंबर को भीड़ ने अमृत मंडल को पीट-पीटकर मार डाला था। हालांकि, खुद को किरकिरी से बचाने के लिए बांग्लादेश ने कहा था कि अमृत मंडल क्रिमिनल था और उगाही के चलते भीड़ ने उसको मारा था। इसके बाद 29 दिसंबर को मेहराबारी इलाके में सुरक्षा ड्यूटी के दौरान बजेंद्र बिस्वास (42) की गोली लगने से मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी नोमान मिया (29) को गिरफ्तार किया था। आरोपी का कहना था कि उसने मजाक में गोली मारी थी।

